राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

R.N.I. NO. DELHIN/2011/38334 वर्षः 11 अंकः 209 पृष्ठ : 08, नई दिल्ली, गुरूवार, 10 फरवरी 2022 मूल्यः 1.50/-

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएफने पाकिस्तानी ड्रोन से पंजाब में ड्रग्स और हथियार तस्करी की कोशिश की नाकाम

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार को दावा किया कि उसने पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक ड्रोन से नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गुरदासपुर सेक्टर के पंजग्रेन इलाके में मंगलवार देर रात करीब एक बजे ''पाकिस्तान की ओर से भारतीय क्षेत्र की तरफउड़कर आ रही एक संदिग्ध वस्तु की आवाज सुनी गई, जिसके बाद सैनिकों ने ड्रोन पर गोलीबारी की। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''ग्राम घग्गर और सिंघोके के क्षेत्र में तलाशी के दौरान अब तक संदिग्ध मादक पदार्थ के साथ पीले रंग के दो पैकेट बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा संदेह है कि ये पैकेट ड्रोन से गिराए गए। अधिकारी ने कहा कि पैकेट में एक पिस्तौल भी लिपटी हुई थी और यह खेप बाड़ से लगभग 2.7 किलोमीटर की दूरी पर एक खेत में मिली थी। उन्होंने कहा कि प्रतीत होता है कि ड्रोन पाकिस्तानी की ओर चला गया।

### सेना प्रमुख जनरल नरवणे ने शीर्ष सऊदी कमांडर से की बात

नयी दिल्ली (एजेंसी)। थल सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने बुधवार को सऊदी अरब की शाही सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल फहद बिन अब्दुल्ला मोहम्मद अल-मुतेर से द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को प्रगाढ़ करने के तरीकों पर बात की। सेना ने कहा कि वार्ता में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। सेना ने ट्वीट किया, ''जनरल एमएम नरवने सीओएएस ने शाही सऊदी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल फहद बिन अब्दुल्ला मोहम्मद अल-मुतेर के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के पहलुओं पर चर्चा की। जनरल नरवणे ने दिसंबर में भी लेफ्टिनेंट जनरल अल-मुतेर के साथ टेलीफोन पर बात की थी। भारत और सऊदी अरब के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंध पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़े हैं। थल सेना प्रमुख ने दिसंबर 2020 में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण खाड़ी देश की यात्रा की जो भारतीय सेना के प्रमुख की सऊदी अरब की पहली यात्रा थी।

### उत्तराखंड में बोले जेपी नड्डा, जब यहां त्रासदी हुई थी, तो उसमें भी कांग्रेस के लोगों ने खाई मलाई

देहरादून (एजेंसी)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जब यहां त्रासदी हुई थी, तो उसमें भी कांग्रेस के लोगों ने मलाई खाई थी और सब कुछ ऐसे ही उजड़ा हुआ छोड़ दिया था। इसको ठीक ढंग से फिर से स्थापित करने का काम मोदी जी ने किया है। विकास की एक नई कहानी लिखी गई। जेपी नड्डा ने चौबट्टाखाल में कहा कि देश के एक पूर्व कांग्रेसी रक्षा मंत्री एके एंटनी ने पार्लियामेंट में कहा कि मैं कबूल करता हूं कि हम ध्यान नहीं दे पाए, चीन ने अपने स्थान पर अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर और अच्छी सड़कें बना ली हैं, लेकिन हम नहीं बना पाए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारे फौजी भाई 3-4 दिन में सरहद पर पहुंचते थे। मोदी जी ने 2014 से लेकर अभी तक बॉर्डर पर 14,000 किमी. सड़क बनाई है, जो ऑल वेदर सड़क है। चीन के बॉर्डर से लेकर पाकिस्तान के बॉर्डर तक हमारा फौजी एक दिन में पहुंचने की ताकत रखता है। जेपी नड्डा ने कहा कि इस बार के बजट में 60 लाख नौकरियां एक साल में दी जाएंगी। एक साल के अंदर 25 हजार किमी. लंबी सड़कें बनेंगी, जिस पर 20 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे।

## उत्तर प्रदेश में आज पहले चरण का मतदान

❑ कई मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर

(संवाददाता)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बृहस्पतिवार को राज्य के 11 जिलों की 58 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में जिन जिलों में मतदान होगा वे सभी प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र के हैं। मतदान सुबह सात बजे शुरू होकर शाम छह बजे तक होगा। निर्वाचन आयोग कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक पहले चरण के चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में शामली, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा तथा आगरा जिलों में मतदान होगा। पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार का काम मंगलवार शाम पांच बजे बंद हो गया। पहले चरण के चुनाव में कुल 623 उम्मीदवार मैदान में हैं और इस चरण में 2.27 करोड़ मतदाता हैं। पहले चरण का चुनाव जाट बहुल क्षेत्र में होगा। इस चरण में प्रदेश सरकार के मंत्री श्रीकांत शर्मा, सुरेश राणा, संदीप सिंह, कपिल देव अग्रवाल, अतुल गर्ग और चौधरी लक्ष्मी नारायण के राजनीतिक भाग्य का फैसला होगा। वर्ष 2017 में हुए पिछले




विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पहले चरण की 58 में से 53 सीटों पर जीत हासिल की थी जबकि समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को दो-दो सीटें मिली थी। इसके अलावा राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) का भी एक प्रत्याशी जीता था। पहले चरण के चुनाव के लिए प्रचार का ज्यादातर काम कोविड-19 महामारी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा रैलियों और रोड शो पर प्रतिबंध लगाए जाने कारण डिजिटल माध्यम से ही किया गया।

## लालू यादव का बड़ा बयान

### यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी की हार निश्चित

एजेंसी

पटना। यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बड़ा बयान दिया है। लालू प्रसाद यादव ने कहा कि यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी की हार निश्चित हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता बीजेपी के दुष्प्रचार से थक चुकी है। वे केवल दंगों, धर्म और मंदिर के बारे में बात कर रहे हैं। जनता महंगाई से त्रस्त हो चुकी हैं। ऐसे में वो इस बार यूपी में बीजेपी को सबक सीखाने के लिए तैयार हैं। लालू यादव ने मंगलवार को बयान देते हुए नीतीश कुमार पर



भी हमला बोला। उन्होंने कहा बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहने के लिए नीतीश कुमार किसी भी हद तक जा सकते हैं। यूपी विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान कल यानी कि 10 फरवरी को है। जिसके चलते यूपी के 11 जिलों की 58 सीटों पर चुनाव होना है। जिनमें से मीरापुर, सिवालखास, सरधाना, मथुरा, बलदेव, एतमादपुर, फतेहपुर सीकरी, हस्तिनापुर, किठौर, मेरठ कैंट, मेरठ, मेरठ दक्षिण, गाजियाबाद, मोदी नगर, धौलाना, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, नोएडा, अनूपशहर, देबई, शिकारपुर, खुरजा, खैर, बरौली, अतरौली, छर्रा, कैराना, थाना भवन, बरौत,दादरी, जेवर, सिंकदराबाद, खेरागढ़, फतेहाबाद, आगरा कैंट, आगरा दक्षिण, आगरा उत्तर, आगरा देहात, बुलंदशहर, स्याना, बागपत, लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, पुरकाजी, मुजफ्फरनगर, शामली, बुढ़ाना, चरथावल, छपरौली, खतौली, कोइल, अलीगढ़, इगलास, छटा, मांट और गोवर्धन है।

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव का रामपुर दौरा रद्द, खराब मौसम बना कारण

(संवाददाता)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव का रामपुर सदर सीट से पार्टी के उम्मीदवार आजम खां और स्वार सीट से प्रत्याशी उनके बेटे अब्दुल्ला आजम के पक्ष में रामपुर जाकर प्रचार करने का कार्यक्रम बुधवार को शखराब मौसमश् के कारण स्थगित कर दिया गया। समाजवादी पार्टी ने एक ट्वीट कर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि अखिलेश का रामपुर में होने वाला कार्यक्रम शखराब मौसमश् के कारण स्थगित हो गया है, कार्यक्रम की अगली तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। अखिलेश को बुधवार को रामपुर सदर सीट से पार्टी उम्मीदवार आजम खां और जिले की ही स्वार सीट से प्रत्याशी उनके बेटे अब्दुल्ला आजम के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए रामपुर जाना था। रामपुर में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत आगामी 14 फरवरी को मतदान होगा। रामपुर से सपा सांसद आजम खान पर 100 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह इस वक्त जेल में हैं। सपा ने उन्हें रामपुर सदर से अपना उम्मीदवार बनाया है। उच्चतम न्यायालय ने विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने की आजम की अर्जी पर विचार करने से इनकार कर दिया है।

## उप्र चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

❑ शिक्षामित्रों को स्थायी करने का वादा

(संवाददाता)

लखनऊ। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना उन्नति विधान- जन घोषणा पत्र जारी किया। कांग्रेस महासचिव और पार्टी की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाद्रा ने यह घोषणा पत्र जारी किया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू और पार्टी के पूर्व सांसद पीएल पुनिया भी मौजूद थे। प्रियंका ने इस मौके पर घोषणा पत्र में शामिल मुख्य बिंदुओं का जिक्र करते हुए कहा कि उन्नति विधान में कहा गया है कि शिक्षकों के खाली दो लाख पदों को भरा जाएगा, इसके अलावा तदर्थ शिक्षकों और शिक्षा मित्रों का अनुभव और सेवानुसार नियमितीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि साथ ही संस्कृत और उर्दू शिक्षकों के खाली पद भी भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि उन्नति विधान में वादा किया गया है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को केजी से परास्नातक तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी, पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण का उप कोटा बनाया




जाएगा, निषादों को नदियों के संसाधनों पर अधिकार मिलेगा और कोल समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया जाएगा। प्रियंका ने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनने पर कारीगरों और बुनकरों तथा पूर्व सैनिकों के लिए विधान परिषद में एक-एक सीट आरक्षित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो दिव्यांगों को 3000 रुपये प्रति माह की पेंशन दी जाएगी और महिला पुलिस कर्मियों को उनके गृह जनपद में तैनाती दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सच्चाई दिखने पर कथित झूठे मुकदमों में फंसाए गए पत्रकारों पर से मामले वापस लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विभिन्न सेवाओं में आउटसोर्सिंग की व्यवस्था को बंद करना चाहती है और सरकार बनने पर धीरे-धीरे कुछ चरणों में आउटसोर्स और संविदा कर्मियों का नियमितीकरण किया जाएगा। प्रियंका ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बजट प्रावधान को पांच प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा।

## राज्यसभा में उठी पाक जेलों में बंद भारतीय मछुआरों को लाने और अफगान बटालियन बनाने की मांग

(एजेंसी)

नयी दिल्ली। राज्यसभा में बुधवार को विभिन्न दलों के सदस्यों ने पाकिस्तान की जेलों में कैद भारतीय मछुआरों की सुरक्षित वापसी, गोरखा बटालियन की तरह अफगान बटालियन बनाने, जजों की सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने और संसद में सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर का तैल चित्र लगाने की मांग की। साथ ही सदस्यों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा छात्रवृत्तियों में लगातार की जा रही कटौतियों, केरल में वन्य जीवों से नागरिकों को नुकसान पहुंचने और करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद गंगा नदी की स्वच्छता और निर्मलता में कोई सुधार नहीं होने का दावा करते हुए इन विषयों पर चिंता भी जताई। शून्यकाल में कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने गुजरात के तटीय इलाकों में भारतीय मछुआरों को पाकिस्तान की नौसेना द्वारा पकड़ लिए जाने और वहां की जेलों में बंद करने का मामला उठाया और केंद्र सरकार से उन्हें वापस भारत लाने के लिए उपयुक्त कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा, ''करीब 643 भारतीय मछुआरे इस समय पाकिस्तान की जेलों में कैद हैं। गोहिल ने भारत सरकार से इन मछुआरों को सुरक्षित वापस वापस



लाने के लिए कूटनीतिक स्तर पर सभी प्रकार के प्रयास करने की अपील की। उन्होंने कहा, ''चाहे आंखें लाल ही क्यों ना करनी पड़ी, मछुआरों की सलामती के लिए सरकार प्राथमिकता से पहल करे। गोहिल ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में तीन अलग-अलग घटनाओं में पाकिस्तानी समुद्री सेना ने तीन नौकाओं और 27 मछुआरों को अपनी गिरफ्त में लिया है जबकि एक दिन पहले ही वह 10 नौकाओं और 60 मछुआरों को लेकर गए हैं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सदस्य पी विल्सन ने हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष और सुप्रीमकोर्ट के न्यायधीशों 65 से बढ़ाकर 70 वर्ष किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि 1963 के बाद से न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की उम्र में वृद्धि नहीं की गई है। उन्होंने तर्क दिया कि 90 से अधिक की उम्र में भी कई सेवानिवृत्त न्यायाधीश विभिन्न पदों पर प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद की विभिन्न समितियों ने भी उम्र सीमा बढ़ाए जाने की कई बार सिफारिश की है लेकिन सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा, 'ऐसे में इन समितियों का क्या उपयोग है जब सरकार समितियों की सिफारिशों पर विचार ही नहीं कर रही है जबकि इन पर लाखों रूपये खर्च होते हैं और सदस्य भी अपना महत्वपूर्ण समय देते हैं। उन्होंने संसदीय समिति के नियमों में बदलाव कर इसकी सिफारिशों को सरकार के लिए बाध्यकारी बनाए जाने की मांग की और कहा कि यह इस बदलाव का उपयुक्त समय है। राष्ट्रीय जनता दल सदस्य ए डी सिंह ने भारतीय सेना में गोरखा बटालियन की तरह अफगान बटालियन बनाने और उन्हें पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए कश्मीर में तैनात करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में अफगान छात्रों ने भारत में वीजा के लिए आवेदन किया है लेकिन सरकार उन्हें वीजा नहीं दे रही है। उन्होंने कहा, 'अफगान नागरिक भारत समर्थक होते हैं...हम उन्हें वीजा दे सकते हैं...ऐसा करके हम एक अफगान बटालियन तैयार कर सकते हैं...गोरखा और अन्य बटालियनों की तरह और उन्हें कश्मीर में तैनात कर सकते हैं ताकि पाकिस्तान की हरकतों का करारा जवाब दिया जा सके। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वी शिवादासन ने छात्रों को मिलने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों में यूजीसी द्वारा की जा रही लगातार कटौतियों का मुद्दा उठाया और सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप की अपील की। उन्होंने कहा, ''वर्ष 2007 में एमेरिटस फेलोशिप की संख्या 559 थी जिसे घटाकर 2021 में 14 कर दी गई। क्षेत्रीय मीडिया हब मीडिया सेक्टर में संगठित रोजगार सृजन के लिए विकसित किए जाएंगे। समाजवादी सरकार बनने पर युवा अधिवक्ताओं को आर्थिक सहायता, बड़े शहरों में उनके लिए ग्रुप हाउसिंग, न्यायालय परिसरों में अधिवक्ता चैम्बर एवं दुर्घटना एवं आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में अधिवक्ता परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## भाजपा के वादे सिर्फ विज्ञापनों तक सीमितः अखिलेश यादव

संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है भाजपा झूठी पार्टी है। इसके वादे झूठे हैं। पिछले संकल्प पत्र के साथ नया संकल्प पत्र-2022 भी झूठ और सिर्फ झूठ का पुलिंदा है। भाजपा के वादे सिर्फ विज्ञापनों तक सीमित है, जमीन पर उसका कोई काम न तब नजर आया न अब नजर आने वाला है। पूरे पांच साल भाजपा सरकार ने सिर्फ समाज को बांटने में अपनी ताकत लगाई है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया है। जनहित में कोई विकास कार्य नहीं किया। भाजपा के कोरे वादों से जनता ऊब गई है। वह अब भाजपा से निजात पाने के लिए मतदान की तारीखों का इंतजार कर रही है जब वह वोट की चोट से उसे सत्ता से बेदखल करेगी। जनता का भरोसा सिर्फ समाजवादी पार्टी पर है जिसकी कथनी-करनी एक समान है। समाजवादी सरकार के कामों को ही भाजपा ने अपना नाम और रंग देकर पूरा कार्यकाल बिता दिया है। समाजवादी पार्टी ने जनकल्याण की दृष्टि से अपना समाजवादी वचन पत्र जारी करते



हुए सत्य वचन और अटूट वादों के साथ फिर जता दिया है कि वह जनता की कसौटी पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है। समाजवादी वचन पत्र में जनता को भरोसा दिया गया है कि समाजवादी सरकार बनने पर बेसिक शिक्षा के अध्यापकों को अपने घर से अधिकतम 100 किलोमीटर की दूरी पर तैनात किया जाएगा। महिला अध्यापकों को उनके गृह जनपद में ही तैनाती मिलेगी। 1090 वूमेन पावर लाइन को सशक्त किया जाएगा। इसके अंतर्गत ईमेल और व्हाट्सएप के जरिए एफआईआर की व्यवस्था होगी। समाजवादियों का लक्ष्य बेहतर कानून व्यवस्था देना है। समाजवादी सरकार में पुलिस को जो प्रभावी रिस्पांस सिस्टम मिला था उसे भाजपा ने नाम बदल कर निष्क्रिय बना दिया। अगर गाड़ियां बढ़ गई होती तो कानून व्यवस्था ठीक हो जाती। सभी गांवों एवं कस्बों में ड्रोन सर्विलांस तथा सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था होगी। समाजवादी सरकार बनने पर सभी महापुरूषों का सम्मान होगा। गोमती रिवर फ्रंट के किनारे सभी महापुरुषों को 5-5 सौ मीटर की जगह में उनकी प्रतिमाएं लगाकर सम्मान देंगे। इससे लोगों का अपने महापुरुषों से परिचय हो सकेगा। डायल 1890 मजदूर पावर लाइन की स्थापना की जाएगी। यह राज्य के भीतर और बाहर कार्यरत प्रवासी श्रमिकों, मजदूरों की समस्याओं का निदान करेगी। बुनकरों, जरदोजी कारीगर, बढ़ई, कुम्हार, नाविक, मोची, दर्जी, एवं अन्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की मदद की जाएगी। हेल्थ सेक्टर के मौजूदा बजट की समीक्षा कर इसे वर्तमान से तीन गुना ज्यादा किया जाएगा। यह राज्य के बजट का लगभग 10 फीसदी होगा। सभी गरीबों को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवा देने के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सर्विस की व्यवस्था होगी। मीडिया कर्मियों एवं जमीनी स्तर के पत्रकारों के कल्याण के लिए राज्य आधारित मीडिया पॉलिसी लाई जाएगी। स्थानीय मीडिया कर्मियों को डिजिटल एवं फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराने के लिए सभी तहसील कस्बों में मीडिया सुविधा केन्द्र बनाए जाएंगे।

## अन्ना हजारे 14 फरवरी से करेंगे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल, उद्धव सरकार का फैसला बना वजह

(एजेंसी)

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने सुपरमार्केट और वॉक-इन स्टोर में शराब बेचने का निर्णय लिया है। राज्य के लोग महाराष्ट्र सरकार के इस फैसले की आलोचना कर रहे हैं। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे को महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार की नई शराब नीति पंसद नहीं आई है। उन्होंने इसके खिलाफ मोर्चा खोलने का निर्णय लिया है। अन्ना हजारे ने कहा कि सुपरमार्केट और वॉक-इन स्टोर में शराब बेचने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले के खिलाफ 14 फरवरी से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे।अन्ना हजारे ने इस संबंध में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर संकेत दिया है कि वह 14 फरवरी से आमरण अनशन पर बैठेंगे। चिट्ठी में कहा गया है कि रालेगण सिद्धि स्थित यादव बाबा मंदिर में 14 फरवरी से आमरण अनशन शुरू होगा। अन्ना हजारे ने चिट्ठी में कहा, श्क्या सरकार को नहीं लगता कि इससे महिलाओं को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति हमारी राष्ट्रीय शक्ति है। अगर वाइन सुपरमार्केट और किराने की दुकानों में रखी जाती है, तो ये बच्चे भी आदी हो जाएंगे। मेरे पास फैसले का विरोध करने के अलावा कोई चारा नहीं हैं। हजारे ने यह भी कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि सरकार कह रही है कि वाइन, शराब नहीं है। बता दें कि, महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र में सुपरमार्केट और आस-पड़ोस की दुकानों में शराब की बिक्री की अनुमति दी है। राज्य मंत्रिमंडल इसके लिए प्रस्ताव पास किया है। बीजेपी ने इस निर्णय का कटाक्ष किया है। भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महा विकास आघाड़ी सरकार ने महामारी के दो साल के दौरान लोगों की मदद नहीं की, लेकिन इसकी प्राथमिकता शराब की बिक्री को बढ़ावा देना है।

## केजरीवाल सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड के 700 कांट्रेक्ट कर्मचारियों को किया पक्का

(एजेंसी)

नयी दिल्ली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 700 कांट्रेक्ट कर्मचारियों की नौकरी को स्थायी कर दिया गया है और इस फैसले की गूंज देश के अन्य हिस्सों में भी सुनाई देगी।

स्थायी बनाए गए डीजेबी कर्मियों को प्रमाण पत्र देने के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल ने कहा, 'यह



एक मिथक है कि 'कच्चे (संविदा) कर्मी को 'पक्का (स्थायी) नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि इससे वे आलसी हो जाते हैं और अधिक काम नहीं करते, लेकिन 2015 में पहली बार हमारी सरकार बनने के बाद जब हम शिक्षा विभाग में क्रांति लेकर आए या जब हमने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार किया, तो यह काम केवल सरकारी शिक्षकों, चिकित्सकों और नर्स ने ही किया। उन्होंने कहा कि इस कदम ने इस मिथक को भी तोड़ दिया और अब सुरक्षा की भावना होने के कारण वे पहले से दोगुना काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने डीजबी में जो बड़ा फैसला किया है, उसकी गूंज देश को अन्य हिस्सों में भी सुनाई देगी और अन्य राज्यों के लोग भी सवाल करने लगेंगे कि यदि यह दिल्ली में किया जा सकता है, तो अन्य राज्यों में क्यों नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अन्य विभागों में भी संविदा कर्मचारियों की नौकरी को स्थायी बनाना चाहती है, लेकिन केंद्र सरकार पर प्रशासनिक निर्भरता के कारण उसके पास ऐसा करने के लिए पर्याप्त शक्तियां नहीं हैं। उन्होंने कहा कि डीजेबी एक स्वायत्त संस्था है, इसलिए इसमें ऐसा करना संभव था।

## वाशिंगटन हवाई अड्डे पर अचेत अवस्था में मिली महिला को अस्पताल पहुंचाया गया

न्यूयार्क। वाशिंगटन डलेस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बैगेज बेल्ट के पास अचेत अवस्था में व्हीलचेयर पर पाई गई 54 वर्षीय भारतीय महिला को चिकित्साकर्मियों के समय रहते हस्तक्षेप करने के बाद बचा लिया गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी और कहा कि वह घटना बेहद दुखद थी।

सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) विभाग ने मंगलवार को कहा कि महिला एक भारतीय नागरिक है और अमेरिका में वैध तरीके से स्थायी रूप से निवास कर रही थी। विभाग ने कहा कि महिला दोहा, कतर से 15 घंटे की उड़ान में सवार होकर रविवार शाम को हवाई अड्डे पहुंची थी। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने सीबीपी को जानकारी दी कि बैगेज बेल्ट के पास एक महिला व्हीलचेयर पर अचेत अवस्था में पाई गई है।

संघीय एजेंसी की ओर से जारी एक बयान में कहा, 10 मिनट तक सीबीपी के आपातकालीन चिकित्साकर्मियों ने महिला का जीवन बचाने का असाधारण प्रयास किया।÷ बाद में हवाई अड्डे के चिकित्साकर्मियों को महिला की जान बचाने में कामयाबी मिली। महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। बयान में कहा गया कि अस्पताल से प्राप्त सूचना के अनुसार, महिला खुद से सांस ले रही थी।

## अमेरिकी वायु सेना ने 9 कर्मियों को धार्मिक आधार पर कोविड टीकाकरण नियम में छूट दी

वाशिंगटन । अमेरिकी वायु सेना ने धार्मिक आधार पर नौ वायुसैनिकों को अनिवार्य रूप से कोविड-19 रोधी टीका लगवाने के नियम से छूट दी है। इसके साथ ही अनिवार्य टीकाकरण से छूट देने वाली यह दूसरी सैन्य सेवा बन गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वायु सेना के 6,400 से ज्यादा कर्मियों ने टीका लगवाने के नियम से छूट देने के लिए आवेदन किया है और अन्य सेवाओं के कर्मियों ने धार्मिक आधार पर छूट नहीं देने को अदालत में चुनौती दी है। वायु सेना के अतिरिक्त मरीन कोर ने अब तक तीन कर्मियों को धार्मिक आधार पर यह छूट प्रदान की है। अमेरिकी सेना और नौसेना ने ऐसी मंजूरी नहीं दी है। धार्मिक आधार पर छूट नहीं देने के लिए सैन्य सेवाओं को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। अब तक कुल मिलाकर सैन्य सेवाओं के 14,000 से ज्यादा कर्मियों ने धार्मिक आधार पर टीका नहीं लगवाने के लिए आवेदन किया है।

## आईओसी प्रमुख बाक ने दोहराया, पेंग शुआई से संपर्क बनाये रखेंगे

बीजिंग। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अध्यक्ष थॉमस बाक ने बुधवार को दोहराया कि आईओसी चीन की टेनिस खिलाड़ी पेंग शुआई से संपर्क बनाये रखेगी।

साथ ही उन्होंने गर्मियों में लुसाने में पेंग से मिलने की उम्मीद जतायी।

चीन के बाहर के कुछ ही लोगों ने पेंग से बात की है और बाक उनमें से एक हैं जो पेंग से शीतकालीन खेलों की स्पर्धाओं के दौरान मिले थे।

बाक ने कहा कि वह फिर से पेंग से लुसाने में आईओसी मुख्यालय में मिलने की उम्मीद लगाये हैं।

पेंग से मिलने के बाद बाक ने कहा कि था कि वह खेलों का आनंद ले रही थीं।

बाक ने कहा, ''हम उनकी चिंता कर रहे हैं और हम इसी तरह उनकी देखभाल करना जारी रखेंगे। ''

फ्रांस के 'ल एक्विप' खेल अखबार ने पेंग का साक्षात्कार लिया था जिसमें इस खिलाड़ी ने सभी चिंताओं को खारिज किया था।

हालांकि पेंग ने नवंबर में सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये चीन के पूर्व उप प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलितब्यूरो की स्थायी समिति के सदस्य झांग गाओली पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था लेकिन इस साक्षात्कार में इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने गोल मोल जवाब दिया था।

## यूकेन पर रूस के हमले की स्थिति में पश्चिम एशिया में अस्थिरता पैदा हो सकती है: अमेरिकी जनरल

वाशिंगटन । अमेरिकी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल एरिक कुरिला ने मंगलवार को सांसदों को आगाह किया कि अगर रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो इससे सीरिया सहित पश्चिम एशिया में व्यापक अस्थिरता पैदा होने की आशंका है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि ईरान, अमेरिका और इस क्षेत्र में सहयोगियों के लिए प्रमुख खतरा बना हुआ है।

कुरिल्ला ने पश्चिम एशिया में शीर्ष अमेरिकी कमांडर के पद के लिए सीनेट में सुनवाई के दौरान सदन की सशस्त्र सेवा समिति से कहा कि चीन, मध्य कमान क्षेत्र में अपनी ताकत बढ़ा रहा है और वहां किए जाने वाले खर्च का विस्तार कर रहा है। इस क्षेत्र में वे देश भी शामिल हैं, जिनकी अमेरिका को अफगानिस्तान में चरमपंथी गतिविधियों पर खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए आवश्यकता है।

कुरिल्ला कहा, ''अमेरिका, चीन और रूस के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के एक नए युग का सामना कर रहा है जो एक भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है और मध्य कमान क्षेत्र में फैली हुई है। अमेरिका चीन के साथ प्रतिस्पर्धा को प्राथमिकता देता है, जो सही फैसला है, लेकिन हमें पश्चिम एशिया और मध्य एवं दक्षिण एशिया में भी सक्रिय रहना चाहिए।''

इराक और अफगानिस्तान युद्धों में व्यापक अनुभव रखने वाले कुरिल्ला का समिति ने स्वागत किया और कहा कि इस पद के लिए उनके नाम की पुष्टि होने की संभावना है।

## रूस संग अमेरिका, नाटो की बातचीत रहेगी जारी: व्हाइट हाऊस

वॉशिंगटन। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने रूस के साथ बातचीत जारी रखने के लिए अमेरिका और अन्य गठबंधन देशों की तत्परता पर चर्चा की। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एमिली होर्न ने एक बयान में इसकी सूचना दी।

# अमेरिका की अपीलीय अदालत ने बाइडन प्रशासन के गर्भपात संबंधी फैसले को कायम रखा



कोलंबस (अमेरिका)। अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के इस फैसले को बरकरार रखा कि संघीय सरकार द्वारा वित्तपोषित स्वास्थ्य केंद्र गर्भपात के लिए महिलाओं को किसी अन्य स्वास्थ्य केंद्र में रेफर कर सकते थे।

इस फैसले को करीब 12 रिपब्लिकन अटॉर्नी जनरल के लिए झटका माना जा रहा है, जिन्होंने (पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड)ट्रंप प्रशासन के दौरान इस पर लगी रोक को कायम रखने के लिए वाद दाखिल किया था।

अमेरिका की छठी सर्किट अपीलीय अदालत ने 12 राज्यों के इस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया कि उनके मामले की सुनवाई पूरी होने तक परिवार नियोजन योजना में संशोधित नियम के क्रियान्वयन को स्थगित रखा जाए। राज्य मार्च में योजना के क्रियान्वयन के लिए अगले चरण का बजट जारी करने से पहले इस पर रोक चाहते थे।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन के स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग के उस नियम को लेकर विवाद है जिसमें उन्होंने 'टाइटल एक्स' के नाम से संघीय परिवार नियोजन कार्यक्रम को लागू किया है। यह वैसे ही काम करेगा, जैसे पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में काम करता था और इसके तहत सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य केंद्र गर्भपात कराने की इच्छुक महिला को यह सुविधा देने वाले केंद्र के पास भेज सकते हैं।

## अमेरिका में 'क्रिप्टोकरेंसी' के रूप में 3.60 अरब डॉलर अवैध धन जब्त, दंपति गिरफ्तार



वाशिंगटन । अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने 3.60 अरब डॉलर से अधिक अवैध धन जब्त किया है और इस संबंध में न्यूयार्क के एक दंपति को गिरफ्तार किया गया है। दंपति पर आरोप है कि उन्होंने 2016 में डिजिटल माध्यम से हुए मुद्रा विनिमय प्रणाली को हैक कर चुराए गए अरबों डॉलर के शोधन की साजिश रची।

संघीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने कहा कि जब्त किया गया धन 'बिटफिनेक्स' को हैक करने के मामले से जुड़ा है जो कि डिजिटल माध्यम से मुद्रा विनिमय की एक प्रणाली है और छह साल पहले इसमें हैकरों ने सेंध लगाई थी। अमेरिका और रूस की नागरिकता रखने वाले 34 वर्षीय इल्या डच लिचेंस्टाइन और उसकी पत्नी हेदर मोर्गन (31) को मंगलवार को मैनहैटन में गिरफ्तार किया गया।

आरोप है कि उन्होंने जटिल तकनीक का इस्तेमाल कर चोरी की गई 'क्रिप्टोकरेंसी' का शोधन करने और धन के लेनदेन को छिपाने की साजिश रची। न्याय मंत्रालय की ओर से जारी एक वीडियो बयान में उप महान्यायवादी लीजा मोनाको ने कहा, ÷अपराधियों को स्पष्ट संदेश है कि क्रिप्टोकरेंसी चोरी कर वे बच नहीं सकते। हम अवैध धन का पता लगाते रहेंगे, फिर चाहे वह किसी भी रूप में हो।

## सिंगापुर में घरेलू सहायिका के साथ मारपीट करने के आरोप में भारतीय मूल के व्यक्ति को कारावास



सिंगापुर। सिंगापुर में 25 वर्षीय भारतीय व्यक्ति को 2020 में अपनी घरेलू सहायिका की बुरी तरह पिटाई करने के आरोप में छह महीने कारावास की सजा सुनाई गई है।

पीड़िता म्यांमा की 27 वर्षीय मूल निवासी है। सूर्या कृष्णन को पीड़िता को मुआवजे के तौर पर 8,500 सिंगापुरी डॉलर का भुगतान करने का भी आदेश दिया गया है।

'चैनल न्यूज एशिया' ने बताया कि सूर्या ने अपनी घरेलू सहायिका को जानबूझकर चोट पहुंचाने का आरोप स्वीकार किया है।

अदालत को सुनवाई के दौरान बताया गया कि पीड़िता को सूर्या की बहन ने यहां होउगैंग हाउसिंग स्टेट के एक फ्लैट में काम पर रखा था, जहां सूर्या अपनी बहन, माता-पिता और पीड़िता के साथ रहता था।

सूर्या का परिवार 29 मई, 2020 को कृष्णन के पिता का जन्मदिन मना रहा था। इससे पहले सूर्या ने शराब पी। सूर्या ने शराब के नशे में पीड़िता के चेहरे पर तीन बार मुक्का मारा, जिससे उसके आंख के नीचे की हड्डी टूट गई और उसे अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

'चैनल न्यूज एशिया' ने बताया कि न्यायाधीश ने सूर्या को छह महीने कारावास की सजा सुनाई और उसे पीड़िता को 8,500 सिंगापुरी डॉलर देने का आदेश दिया। यदि वह इसका भुगतान नहीं कर पाया, तो उसे एक महीने और कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## चीनी दबाव से निपटने के लिए साथ आए ऑस्ट्रेलिया और लिथुआनिया



कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया और लिथुआनिया के विदेश मंत्री बुधवार को रणनीतिक चुनौतियों पर सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए, जिसमें खासतौर पर चीन के दबाव से निपटना शामिल है।

लिथुआनिया के विदेश मंत्री गेब्रियेलियस लैंड्सबर्गिस और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष मारिस पायने ने बुधवार को यहां संसद भवन में मुलाकात की।

बीजिंग के साथ बिगड़ते रिश्तों के बीच कोयला, शराब, गोमांस, क्रेफिश और जौ के व्यापार पर चीन के औपचारिक व अनौपचारिक प्रतिबंधों से ऑस्ट्रेलियाई निर्यातकों को अरबों डॉलर का नुकसान झेलना पड़ा है।

वहीं, बाल्टिक क्षेत्र में स्थित लगभग 28 लाख आबादी वाला देश लिथुआनिया बीते दिनों उस समय चीन के निशाने पर आ गया, जब उसने राजनियक परंपरा को तोड़ते हुए यह घोषणा की कि राजधानी विलनियस में मौजूद ताइवान के कार्यालय पर 'चीनी ताइपे' की जगह 'ताइवान' नाम लिखा जाएगा। कई देश चीन की नाराजगी से बचने के लिए ताइवान की जगह 'चीनी ताइपे' नाम का इस्तेमाल करते हैं।

लैंड्सबर्गिस ने कहा, 'काफी समय से ऑस्ट्रेलिया उन प्रमुख देशों में शुमार रहा है, जहां चीन अर्थव्यवस्था और व्यापार को एक राजनीतिक उपकरण, या यह भी कह सकते हैं कि एक राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है।'

उन्होंने कहा, 'अब लिथुआनिया इस खास क्लब में शामिल हो गया है... लेकिन यह निश्चित रूप से स्पष्ट है कि हम आखिरी देश नहीं हैं।'

## हाल के समय में आतंकवादी समूहों को अफगानिस्तान में सबसे अधिक आजादी :संरा रिपोर्ट



संयुक्त राष्ट्र। हाल के समय में आतंकवादी समूह अफगानिस्तान में कहीं अधिक आजादी का आनंद ले रहे हैं और ऐसा कोई संकेत नहीं है कि तालिबान ने विदेशी आतंकवादियों की गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए कोई कदम उठाया है। यह दावा संयुक्त राष्ट्र महासचिव की रिपोर्ट में किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट का लक्ष्य खुद को अफगानिस्तान में ''मुख्य प्रतिवादी ताकत''के रूप में स्थापित करने की है और अपने प्रभाव को मध्य और दक्षिण एशिया के देशों तक फैलाने की है और इसे तालिबान भी अपने प्राथमिक सशस्त्र खतरे के तौर पर देखता है।

इस्लामिक स्टेट द्वारा अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए उत्पन्न किए गए खतरे और इस खतरे का मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र की ओर से सदस्य देशों को किए जाने वाले सहयोग पर आधारित 14वीं महासचिव की रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि 15 अगस्त को काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान का सुरक्षा परिदृश्य पूरी तरह से बदल गया है।

रिपोर्ट में कहा गया, ''ऐसा कोई संकेत नहीं है कि तालिबान देश में विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की गतिविधियों को सीमित करने के लिए कदम उठा रहा है। इसके उलट, सदस्य देश इस बात से चिंतित हैं कि हाल के इतिहास में आतंकवादी कहीं अधिक आजादी का आनंद ले रहे हैं।''

साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि अफगानिस्तान जाने वाले विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की संख्या कम है। इसमें कहा गया कि अफगानिस्तान में सक्रिय इस्लामिक स्टेट का नेतृत्व अब भी सनाउल्ला गफ्फारी के पास है जो अफगान नागरिक है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आईएसआईएस और अल कायदा प्रतिबंध समिति ने गफ्फारी को पिछले साल दिसंबर में आतंकवादियों की सूची में डाला था।

अमेरिका ने सोमवार को गफारी और पिछले साल काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में शामिल लोगों के बारे में सूचना देने वालों को एक करोड़ डॉलर का इनाम देने की घोषणा की। इस हमले में कम से कम 185 लोगों की मौत हो गई थी।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक आईएसआईएस- खुरासान अफगानिस्तान में अस्थिरता का लाभ ले रहा है और ईस्टर्न तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट और तुर्किस्तान इस्लामिक पार्टी सहित अन्य विदेशी आतंकवादी समूहों से लड़ाकों की भर्ती कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र सदस्य राष्ट्रों का आकलन है कि आईएसआईएस-खुरासान के लड़ाकों की संख्या 2200 से बढ़कर 4000 के करीब पहुंच रही है।यह वृद्धि तालिबान द्वारा कई लोगों को कारागारों से रिहा करने के बाद बढ़ी है। एक सदस्य का आकलन है कि आतंकी समूह के आधे सदस्य विदेशी आतंकवादी हैं।

रिपोर्ट में कहा, गया, ''दाएश पूर्वी अफगानिस्तान के सीमित इलाके को नियंत्रित करता है लेकिन वह चर्चित और जटिल हमले करने में सक्षम है जैसा उसने 27 अगस्त को काबुल हवाई अड्डे पर किया था। खासतौर पर तालिबान के सदस्यों और अल्पसंख्यक शिया समुदाय पर।''

रिपोर्ट में कहा गया कि इंडोनिशिया और फिलीपीन ने आतंकवादी रोधी कदम में उल्लेखनीय प्रगति की है। साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि कट्टरपंथियों के प्रभाव में आकर व्यक्तिगत आधार पर हमले का खतरा चिंता का विषय बना हुआ है।

## हिन्द-प्रशांत बैठक से पहले ऑस्ट्रेलिया पहुंचे ब्लिंकन



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री ने बुधवार को कहा कि हिन्द-प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों पर बातचीत करने के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अन्य महत्वपूर्ण सहयोगी यहां आ रहे हैं।

गौरतलब है कि यूक्रेन में रूसी घुसपैठ को लेकर पैदा हुए डर के माहौल के बीच ऑस्ट्रेलिया में यह बैठक हो रही है।

ब्लिंकन बुधवार को मेलबर्न पहुंचे। यहां उनकी मुलाकात ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री मारीस पायने के अलावा 'क्वाड' के अन्य सदस्यों भारत और जापान के विदेश मंत्रियों से भी होनी है।

हिन्द-प्रशांत क्षेत्र के चार लोकतंत्रों (अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान) के बीच यह चौथी मंत्रिस्तरीय बैठक है। क्वाड का लक्ष्य क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों के बीच संतुलन बनाना है।

गौरतलब है कि ब्लिंकन ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर आने वाले बाइडन प्रशासन के वरिष्ठतम सदस्य हैं।

गौरतलब है कि यूक्रेन को लेकर वाशिंगटन और मॉस्को के बीच बढ़ते तनाव के बीच यह बैठक हो रही है।

पायने ने कहा कि इस बैठक चीन के लिए संदेश है कि हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है।

# दुनिया में कोरोना संक्रमितों की संख्या 40 करोड़ के पार



वाशिंगटन। दुनिया भर में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले 40 करोड़ के पार पहुंच गये हैं, वहीं 57.63 लाख से अधिक लोगों की इससे मौत हो गयी है। विश्व भर में कोरोना के मामलों की संख्या 400,700,805 है। वहीं, अब तक इसकी चपेट में आकर 5,763,154 लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के कोरोना वायरस रिसोर्स सेंटर की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, अब तक विश्व भर में कुल 10,097,091,544 कोरोना की डोज दी जा चुकी है। दुनिया भर में कोरोना संक्रमण के शीर्ष दस देशों में अमेरिका पहले स्थान पर है, जहां इस महामारी के कुल मामलों की संख्या 77,051,506 और अब तक कुल 908,820 लोगों की मौत हो चुकी है। दूसरे स्थान पर भारत है, जहां कुल संक्रमितों की संख्या 4,24,10,976 हो गई है। देश में कोविड के सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 8,92,828 रह गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान 1,217 मरीजों की मौत हुई, जिसके बाद कोविड-19 के कारण अब तक जान गंवाने वाले लोगों का आंकड़ा बढ़कर 5,05,279 हो गया। इसके बाद इटली है, जहां संक्रमितों की कुल संख्या 11,765,767 है, जबकि देश में मृतकों का आंकड़ा 149,512 हो गया है। ब्राजील में कोरोना से अब तक 26,793,497 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 634,118 लोगों की मौत हो चुकी है। फ्रांस में कोविड-19 से 21,174,600 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 134,609 लोगों की मौत हुई है। जर्मनी में वैश्विक महामारी से अभी तक 11,579,518 लोग प्रभावित हुए हैं। देश में मृतकों का आंकड़ा 119,219 तक पहुंच गया है। वहीं, ब्रिटेन में अभी तक करीब 18,055,318 लोग इस महामारी से प्रभावित हो चुके हैं, जबकि 159,220 लोगों की इस जानलेवा वायरस से मौत हो चुकी है। स्पेन में कोरोना से अब तक 10,439,302 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 94,931 लोगों की मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना के मामलों की संख्या बढ़कर 12,946,888 हो गई है और इस महामारी से अब तक 329,951 लोगों की मौत हो गयी है। तुर्की में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 12,446,111 हो गई है। देश में कोरोना संक्रमण से अब तक 89,211 लोग जान गंवा चुके हैं।

# ईयू ने आतंकवाद-निरोधी कानून में बदलाव के श्रीलंका के कदम का स्वागत किया



कोलंबो। यूरोपीय संघ (ईयू) ने आतंकवाद-निरोधी कानून में संशोधन करने के श्रीलंका के कदम का स्वागत किया है लेकिन साथ ही कहा है कि श्रीलंका सरकार की अधिसूचना में कई 'अहम तत्वों' को शामिल नहीं किया गया है।

ईयू ने कोलंबो से बिना आरोप तय किए कानून के तहत हिरासत में रखे गए लोगों को जमानत पर रिहा करने के लिए अधिक व्यावहारिक और प्रशासनिक कदम उठाने का आग्रह भी किया है।

यूरोपीय संघ श्रीलंका पर उसके विवादित आतंकवाद निरोधक अधिनियम (पीटीए) में बदलाव करने का दबाव बना रहा है, जो व्यक्ति को बिना आरोप तय किए 90 दिनों तक हिरासत में रखने का अधिकार देता है और जिसमें हिरासत अवधि को बढ़ाने के प्रावधान भी मौजूद हैं।

श्रीलंका सरकार ने 27 जनवरी को एक गजट अधिसूचना जारी कर पीटीए में संशोधन की घोषणा की थी। तब अधिकारियों ने इसे पीटीए को अंतरराष्ट्रीय मानक के आतंकवाद निरोधक कानूनों के अनुरूप बनाने की कवायद करार दिया था।

ब्रसेल्स में मंगलवार को ईयू-श्रीलंका के संयुक्त आयोग की 24वीं बैठक के समापन के बाद मीडिया के लिए जारी साझा बयान में कहा गया है, 'यूरोपीय संघ आतंकवाद निरोधक अधिनियम (पीटीए) में संशोधन के श्रीलंका सरकार के फैसले का स्वागत करता है। लेकिन, ईयू ने गौर किया है कि संशोधित विधेयक में कई अहम तत्वों को शामिल नहीं किया गया है।'

बयान के मुताबिक, 'यूरोपीय संघ श्रीलंका से पीटीए के इस्तेमाल में कमी जारी रखने का अनुरोध करता है। वह कोलंबो से बिना आरोप तय किए पीटीए के तहत हिरासत में रखे गए लोगों को जमानत पर रिहा करने के लिए अधिक व्यावहारिक और प्रशासनिक कदम उठाने का आग्रह करता है।'

## दक्षिण सूडान विमान दुर्घटना में पांच लोग घायल

जुबा। सूडान और दक्षिण सूडान की सीमा के बीच विवादित अबेई प्रशासनिक क्षेत्र में अगोक हवाई पट्टी पर उतरते समय एक मालवाहक विमान दुर्घटना के दौरान कम से कम पांच लोग घायल हो गए।

अबेई प्रशासनिक क्षेत्र के मुख्य प्रशासक कुओल दीम कुओल ने कहा कि रक्षा मंत्रालय के स्वामित्व वाला एंटोनोव 26 विमान, जुबा से प्राथमिक आठ परीक्षा पत्र वितरित कर रहा था, जब यह मंगलवार को रनवे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, डायम ने कहा कि विमान ने पहले ही यूनिटी राज्य के बेंटिउ शहर में परीक्षा सामग्री वितरित कर दी थी, और लेक्स राज्य के रुंबेक शहर में और अधिक परीक्षा सामग्री वितरित करने के लिए नियत था। राष्ट्रीय प्राथमिक विद्यालय की परीक्षाएं 14 फरवरी से शुरू होने की उम्मीद है।

दक्षिण सूडान के सामान्य शिक्षा और निर्देश मंत्री अवुत डेंग एकुइल ने इस घटना की पुष्टि की है।

# दिल्ली के किसान बैठ गए मुख्यमंत्री के निवास के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर

- किसानों के साथ हुआ है सौतेला व्यवहार, उपेक्षा और वादाखिलाफी
- जब तक मांगें नहीं मानी जाती, धरना रहेगा जारी: बिधूड़ी









**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार के सौतेले व्यवहार, उपेक्षा और वादाखिलाफी के खिलाफ आज से किसान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निवास के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। किसानों ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने चुनाव के वक्त और बाद में किसानों के साथ जो भी वादे किए, उनमें से एक भी पूरा नहीं किया। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और दिल्ली प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष विनोद सहरावत के नेतृत्व में धरने पर बैठे किसानों ने साफ तौर पर कहा है कि जब तक उनकी 12 सूत्री मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक वे धरना समाप्त नहीं करेंगे।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल दिल्ली के किसानों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार करते रहे हैं। किसानों से वादा किया गया था कि सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जाएगी लेकिन यह वादा पूरा नहीं किया। किसानों को सिंचाई के लिए ट्यूबवैल लगाने की अनुमति और बिजली के कनेक्शन देने का वादा भी मुख्यमंत्री भूल गए। दिल्ली सरकार ने किसानों की अधिग्रहीत की जाने वाली जमीन का मुआवजा बढ़ाने की बात कही थी

लेकिन आज तक नहीं बढ़ाया गया। यह मुआवजा कम से कम 10 करोड़ रुपया प्रति एकड़ किया जाए। जिन किसानों की जमीन अधिग्रहीत की जाती है, उन्हें वैकल्पिक आवासीय प्लाट देने की योजना को भी आप सरकार ने बंद कर दिया है। इसे फिर से शुरू किया जाए और गांवों का लाल डोरा बढ़ाया जाए।

किसानों की मांग है कि कृषि यंत्रों, खाद और ट्रेक्टरों पर सब्सिडी दी जाए जैसा कि अन्य राज्यों में दी जाती है। दिल्ली में ट्रेक्टर को कमर्शियल वाहन माना जाता है। इसे कृषि यंत्र की श्रेणी में ही रखा जाए। इसके अलावा धारा 81-ए और धारा-33 को भी तुरंत हटाया जाए। किसानों की एक बड़ी परेशानी यह है कि जिन किसानों की मृत्यु हो जाती है, उनके उत्तराधिकारियों का नाम राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया जा रहा। इससे वे अपने हक से वंचित हैं। हाल ही में हुई बरसात से जिन किसानों की फसल नष्ट हुई है, उन्हें 50 हजार रुपए प्रति एकड़ का मुआवजा देना भी किसानों की मुख्य मांग है। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया था कि दिल्ली के किसानों को एमएसपी का 50 प्रतिशत अलग से भुगतान किया जा रहा है लेकिन सच्चाई यह है कि आज तक यह राशि नहीं दी गई। 2018 से अब तक का 400 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाए। चार सालों से गांवों का विकास पूरी तरह ठप पड़ा है, उसे फिर शुरू किया जाए। ग्रामसभा की जमीन का इस्तेमाल दूसरे उद्देश्यों की बजाय सिर्फ गांवों के विकास के लिए किया जाए और वहां स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, पार्क और बारात घर जैसी सुविधाएं दी जाएं।

बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली के किसान केजरीवाल सरकार के सामने कई बार अपनी मांगें रख चुके हैं लेकिन इस सरकार के कान पर जूं नहीं रेंगी। इसीलिए मजबूर होकर अब वे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं।

## दिल्ली पुलिस में सिपाही के 5500 से ज्यादा पद रिक्त :राज्यसभा में बोली सरकार

नई दिल्ली । राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में राय ने कहा कि दिल्ली में 224 पुलिस थाने हैं और इनके लिए सिपाही के 21,244 पदों की मंजूरी मिली हुई है। उन्होंने कहा कि मंजूर किए गए पदों में से 5,543 पद खाली हैं।

राय ने कहा कि पदों के रिक्त होने की कई वजहें है, जिनमें एक वजह सेवानिवृत्ति भी है। उन्होंने कहा कि नए पदों का सृजन एक गतिशील प्रक्रिया है जबकि रिक्त पदों पर नियुक्ति एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने खाली पदों को भरने के लिए प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

## केजरीवाल का पीएम मोदी को जवाब: मैं गाली देना नहीं स्कूल बनाना और बिजली की आपूर्ति करना जानता हूं

नई दिल्ली । दिल्ली के मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मीडिया के सामने आए और संसद से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उनकी सरकार पर लगाए गए आरोपों को लेकर खुलकर बोले। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इन आरोपों का जवाब देना जरूरी था। वरना आपको लगेगा कि मैंने गुनाह स्वीकार कर लिया।

दिल्ली के सीएम बोले, जब कल मुझ पर हमला हुआ तो मैं अचंभित था। लेकिन इन आरोपों का जवाब देना जरूरी था वरना आप कहते कि मैंने अपना जर्म कबूल कर लिया है। मुझे जो कहना था मैंने ट्विटर पर कह दिया है। मुझे गाली देने नहीं आती, मुझे स्कूल बनाना और बिजली-पानी की आपूर्ति करने आता है। केजरीवाल ने आगे कहा, जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग जनता के द्वारा चुने गए हैं। उन्हें कई आशाओं के साथ चुना गया है। इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप और एक-दूसरे पर अंगुली उठाना ठीक बात नहीं है। हम भले ही अलग-अलग पार्टियों से आते हों लेकिन लोग हमसे उम्मीद करते हैं कि हम उनकी भलाई के लिए मिलकर काम करेंगे। गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री यह बातें प्रधानमंत्री के सोमवार को लोकसभा में दिए गए भाषण के जवाब और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से हुई अपनी ट्विटर वार को लेकर कह रहे थे।

## तीसरे दिन भी पकड़े नहीं गए झपटमार, पुलिस ने बंद की सड़क

नई दिल्ली। शाहदरा के आनंद विहार में झपटमारी के दौरान घायल पीड़िता को तीसरे दिन भी होश नहीं आया। पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज स्थित मैक्स अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई हैं। वारदात में शामिल आरोपी अभी पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। वहीं, पुलिस ने घटनास्थल वाली सड़क को बंद कर दिया है।

महिला के पति सुनील ने बताया कि रितु की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। उसे बुधवार को भी होश नहीं आया। महिला को वेंटिलेटर पर रखा गया है। डॉक्टरों की टीम उपचार में लगी है। बता दें कि कृष्णा नगर के शंकर नगर एक्सटेंशन में रहने वाली रितु सोमवार को क्रॉस रीवर माल के पास स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए ई रिक्शे से जा रही थीं। क्रॉस रीवर मॉल के पास बदमाशों ने पर्स झपटने का प्रयास किया। रितु के पर्स नहीं छोड़ने पर उन्हें ई रिक्शे से खींचकर नीचे गिरा और दूर तक घसीट दिया। गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद रितु बेहोश हो गईं। उन्हें पहले डा. हेडगवार अस्पताल ले जाया गया, जहां से पटपड़गंज स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रितु के घायल होने के बाद पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से इलाके की कई सड़कों को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीबीडी ग्राउंड के आसपास कई सड़कें ऐसी हैं, जिन पर लोगों का आवागमन कम रहता है। बदमाश वारदात के बाद भागने के लिए ऐसी सड़कों का प्रयोग करते हैं। इस लिए इन सड़कों को बंद कर दिया गया है। पुलिस का दावा है कि इन सड़कों के बंद होने से लोगों के आवागमन में दिक्कत नहीं है। लोगों को आवागमन के लिए आसपास कई सड़कों का विकल्प है।

बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें लगी हैं। पुलिस टीमों ने अलग-अलग इलाके से करीब 10 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के जरिए बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## दिल्ली सरकार ने डीजेबी के 700 संविदा कर्मचारियों की नौकरी को स्थायी बनाया

नई दिल्ली । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 700 संविदा कर्मचारियों की नौकरी को स्थायी कर दिया गया है और इस फैसले की गूंज देश के अन्य हिस्सों में भी सुनाई देगी।

स्थायी बनाए गए डीजेबी कर्मियों को प्रमाण पत्र देने के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल ने कहा, ''यह एक मिथक है कि 'कच्चे' (संविदा) कर्मी को 'पक्का' (स्थायी) नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि इससे वे आलसी हो जाते हैं और अधिक काम नहीं करते, लेकिन 2015 में पहली बार हमारी सरकार बनने के बाद जब हम शिक्षा विभाग में क्रांति लेकर आए या जब हमने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार किया, तो यह काम केवल सरकारी शिक्षकों, चिकित्सकों और नर्स ने ही किया।''

उन्होंने कहा कि इस कदम ने इस मिथक को भी तोड़ दिया और अब सुरक्षा की भावना होने के कारण वे पहले से दोगुना काम करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमने डीजबी में जो बड़ा फैसला किया है, उसकी गूंज देश को अन्य हिस्सों में भी सुनाई देगी और अन्य राज्यों के लोग भी सवाल करने लगेंगे कि यदि यह दिल्ली में किया जा सकता है, तो अन्य राज्यों में क्यों नहीं किया जा सकता।''

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अन्य विभागों में भी संविदा कर्मचारियों की नौकरी को स्थायी बनाना चाहती है, लेकिन केंद्र सरकार पर प्रशासनिक निर्भरता के कारण उसके पास ऐसा करने के लिए पर्याप्त शक्तियां नहीं है।

उन्होंने कहा कि डीजेबी एक स्वायत्त संस्था है, इसलिए इसमें ऐसा करना संभव था।

# ग्रीन इंडिया चैलेंज के साथ मिलकर 1 लाख पौधों के लिए वृक्षारोपण अभियान किया शुरू

नई दिल्ली।

उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने आज ग्रीन इंडिया चैलेंज के सहयोग से 1 लाख पौधे लगाने के लिए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया। जिसकी शुरूआत आज नारायणा औद्योगिक क्षेत्र के समीप पार्क में एक हजार पौधे लगा कर की गई। ग्लोबल वार्मिंग को कम करने और हरित आवरण को बढ़ाने के लिए माननीय राज्यसभा सदस्य जोगिनपल्ली संतोष कुमार द्वारा ग्रीन इंडिया चैलेंज (जीआईसी) शुरू किया गया था।




इस कार्यक्रम में सांसद जे संतोष कुमार, जयराम रमेश, संजय सिंह (आप सांसद), बिनॉय विश्वम (सीपीआई), अनिल देसाई, मोपीदेवी वेंकटरमण, मगुंटा श्रीनिवास रेड्डी, गोरेंटला माधव, सुश्री वंगा गीता, श्री मिथुन रेड्डी, श्री कृष्ण देवरायुलु, श्री वाईएस अविनाश रेड्डी, श्री गोरेंटला माधव व अन्य सांसदो ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और दिल्ली में छोटे जंगलों का निर्माण करने में अपनी खुशी व्यक्त की।

वृक्षारोपण के लिए लगभग 370 पार्कों की पहचान की गई है और सड़क के किनारो व अन्य स्थानों पर भी वृक्षारोपण किया जाएगा। असंख्य वनस्पतियों और जीवों को समायोजित करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए जीने का हरित तरीका स्थापित करने के लिए जीआईसी ने एक बड़ी क्रांति में रूपांतरित किया है। पिछले तीन महीनों में दिल्ली की वायु गुणवत्ता में काफी गिरावट आई है और उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन समिति द्वारा अनिवार्य वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कई उपाय किए हैं। एक निगम व्यापक सर्वेक्षण किया गया और वायु प्रदूषण के बारे में 7500 मुद्दे उठाए गए, जिनमें से 212 बंजर क्षेत्रों की पहचान की गई, जिन्हें हरित क्षेत्र में परिवर्तित किया जाएगा। जीआईसी के सहयोग से बंजर भूमि में लगभग 1 लाख पेड़ लगाए जाएंगे, जो 2 वर्ष बडे और लगभग 4 फीट लंबे होंगे।

उपायुक्त करोल बाग क्षेत्र, सुश्री शशांका आला का उद्देश्य स्थानीय पर्यावरण के अनुरूप पोंगामिया, कैसिया, डालबर्गिया, एम्ब्लिका, फ़िकस, अर्जुन जैसी देशी प्रजातियों के साथ मियावाकी पद्धति के साथ मिनी वन बनाना और उनकी स्थिरता को बढ़ाना है।

# यमुनापार में मोबाइल लूटने के लिए सरेआम महिला को ई-रिक्शे से खींचा

नई दिल्ली। यमुनापार में लुटेरों के हौसले अब इस कदर बढ़ गए हैं कि उन्हें वारदात को अंजाम देने के लिए ई-रिक्शा पर बैठी महिलाओं को खींचकर घसीटने में भी कोई परहेज नहीं है। चाहें उनकी जान पर ही क्यों न बन जाए। ताजा घटना उत्तर पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके की है। लूट का विरोध करने पर तीन बदमाशों ने महिला को ई रिक्शे से खींचकर जमीन पर गिरा दिया। मोबाइल लूटने के लिए उसे घसीट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

जख्मी हालत में 35 वर्षीय महिला सहर बानो को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़िता महिला के घायल होने के बाद आरोपी बदमाश मोबाइल लेकर भागने लगे, लेकिन उसके शोर मचाने से इलाके के लोगों ने दो बदमाशों को धर दबोचा। जबकि, तीसरा आरोपी मोबाइल लेकर भाग गया। पकड़े गए दोनों आरोपी नाबालिग हैं, दोनों की उम्र 16 साल है। पुलिस केस दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता सहर बानो परिवार के साथ उस्मानपुर



इलाके में रहती हैं। वह सीलमपुर में कपड़ा सिलाई का काम करती हैं। सोमवार शाम को वह ई रिक्शे में बैठकर घर लौट रही थीं। शाम करीब 6ः40 बजे जब वह शास्त्री पार्क लालबत्ती पर पहुंची, इस दौरान जाम होने के कारण ई रिक्शे की रफ्तार धीमी हो गई। तभी पीछे से पैदल तीन लड़के आए और उनके हाथ से मोबाइल छीनने लगे। लूट का विरोध करने पर उन्हें खींचकर ई रिक्शे से नीचे गिरा दिया।

## अरविंद केजरीवाल सरकार का बड़ा फैसला

# दिल्ली जल बोर्ड के सैकड़ों कर्मचारी हुए पर्मानेंट

**विवेक राय**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड के सैकड़ों कर्मचारियों को नए साल पर बड़ा तोहफा दिया है। दिल्ली जल बोर्ड के सैकड़ों कच्चे कर्मचारी अब पक्के किए गए हैं। अरविंद केजरीवाल सरकार के इस फैसले से 700 कर्मचारियों की सरकारी नौकरी पर्मानेंट हो गई है और सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी लाभ इन्हें अब मिलेंगे। अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को खुद कर्मचारियों को अपने हाथों अप्वाइंटमेंट लेटर (नियमित होने का सर्टिफिकेट) दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली जल बोर्ड में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया गया है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम में बुधवार को माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उन अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई नौकरी का सर्टिफ़िकेट दिया।



इस मौके पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारी सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड के 700 कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया है। बुधवार को इन्हें पक्की नौकरी का पत्र देते हुए खुशी हो रही है। अब इन कर्मचारियों के जीवन में भी खुशहाली आएगी। दिल्ली में पहली बार इतने बड़े स्तर पर कर्मचारी पक्के किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब से हमारी सरकार आई है हर वर्ग का ध्यान रखा जा रहा है।

इसके साथ ही जब से हमारी सरकार आई है बहुत सारे काम हुए हैं। बिजली पानी के क्षेत्र में बहुत काम हुआ है। उनकी देश भर में चर्चा है। आज इन कर्मचारियों को पक्का कर भी बड़ा काम किया जा रहा है। देश में जब कभी सरकारें सरकारी कार्यों को प्राइवेट हाथों में रहे हैं, हम कच्चे कर्मचारियों को पक्का कर रहे हैं। हमारी इच्छा है कि जिन भी विभागों में कच्चे कर्मचारी हैं उन्हें भी पक्का किया जाए। मगर दूसरे विभागों में कर्मचारियों को पक्का किए जाने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है, मगर हमारा प्रयास जारी है। जल बोर्ड में हम इसलिए कर पाए कि क्योंकि जल बोर्ड स्वायत्त संस्था है।

बता दें कि दिसंबर, 2021 में दिल्ली जल बोर्ड ने फेलो भर्ती 2021 का नोटिफिकेशन जारी किया था। यहां सीनियर फेलो, फेलो और एसोसिएट फेलो पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए थे। इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को दिल्ली जल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट delhijalboard.nic.in के माध्यम से आवेदन कर करना था। इस प्रक्रिया के तहत 30 खाली पदों को भरा जाएगा। बता दें कि सीनियर फेलो पद पर नौकरी पाने वाले उम्मीदवार को हर महीने 2 लाख रुपये का वेतन दिया जाएगा।

## कोरोना के कम होते ही देश के सबसे बड़े अस्पताल एम्स ने दी लाखों मरीजों को राहत

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना के कम होते मामलों के बीच देश के सबसे बड़े अस्तपाल एम्स ने अपने यहां इलाज के लिए आने वाले लाखों मरीजों को बड़ी राहत दी है। उसने अब अस्तपाल में भर्ती होने और सर्जरी से पहले होने वाले कोरोना के परीक्षण को बंद करने की घोषणा कर दी है। इससे एक अनुमान है कि यहां इलाज के लिए देश के कोने-कोने से आ रहे लाखों मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।




राजधानी दिल्ली में कोरोना के तीसरे लहर का असर अब कम होता जा रहा है। संक्रमण दर की बात करें तो जो यह पहले 30 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया था अब यह बीते एक हफ्ते से पांच प्रतिशत के नीचे बना है। ताजा हालात की बात करें तो अभी संक्रमण दर 2.28 हो गई है। बीते 24 घंटे की कोरोना रिपोर्ट की बात करें तो मंगलवार को कोरोना के 1114 नए मामले आए थे। वहीं इससे ज्यादा मरीजों ने इस बीमारी को मात दी थी। 2079 मरीज ठीक हुए थे। ठीक होने वाले मरीजों की संख्या ज्यादा होने से अब सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर सात हजार से कम हो गई है। हालांकि पिछले 24 घंटे में कोरोना से 15 मरीजों की मौत हुई है। बता दें कि दिल्ली में पांच दिसंबर को ओमिक्रोन का पहला मामला आया था।

वहीं, दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) ने समय से पूर्व जन्म लेने वाले नवजात को उपचार देने से मना करने पर निजी अस्पताल को नोटिस जारी किया है।

# जल बोर्ड के कर्मचारियों की स्थाई नियुक्ति सिर्फ धोखा: बिधूड़ी

- ये कर्मचारी अनुकंपा के आधार पर नियुक्त हुए थे
- इनकी नियुक्ति पहले ही स्थाई होनी चाहिए थी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली जल बोर्ड में 700 अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई करने की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की घोषणा को एक और कोरा झूठ करार दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री केजरीवाल से कहा है कि आप कब तक जनता को इस तरह बेवकूफ बनाते रहेंगे।

बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने जल बोर्ड के कर्मचारियों को स्थाई करने की घोषणा करते हुए ऐसा दावा किया है कि जैसे दिल्ली सरकार ने कोई बड़ा कारनामा किया है। बिधूड़ी ने कहा कि जिन 700 कर्मचारियों को स्थाई करने की बात कही गई है, वे सभी अपने किसी परिजन की मौत के बाद अनुकंपा के आधार पर जल बोर्ड में नियुक्त किए गए थे। उनकी नियुक्ति तो स्थाई होनी ही चाहिए थी लेकिन



जल बोर्ड ने जानबूझ कर उन्हें अस्थाई रखा। केजरीवाल बताएं कि अनुकंपा के आधार पर की गई उनकी नियुक्ति उसी समय स्थाई क्यों नहीं की गई? ये लोग 2016 से स्थाई होने के लिए संघर्ष कर रहे थे लेकिन दिल्ली सरकार उन्हें स्थाई नहीं कर रही थी। अनुकंपा के आधार पर नियुक्त हुए जितने कर्मचारी इस समय स्थाई हुए हैं, उससे कहीं अधिक कर्मचारी तो अभी भी स्थाई होने के इंतजार में हैं। बिधूड़ी ने कहा कि डीटीसी, गेस्ट टीचर और दिल्ली सरकार के अन्य विभागों में जो कर्मचारी अस्थाई हैं, केजरीवाल ने उन्हें भी स्थाई करने का वादा किया था।

उन्होंने कहा कि चुनावों से ठीक पहले केजरीवाल ने यह घोषणा चुनाव वाले राज्यों की जनता को भ्रमित करने के लिए की है। दूसरे राज्यों में जाकर केजरीवाल दावा कर रहे है कि वहां के कांट्रेक्ट कर्मचारियों को स्थाई किया जाएगा। वहां उनसे सवाल पूछा जा रहा है कि दिल्ली में तो आप कर्मचारियों को स्थाई करने का वादा पूरा नहीं कर पाए तो यहां ऐसी घोषणा कैसे कर रहे हैं। दूसरे राज्यों की जनता को भ्रमित करने के लिए अब वह झूठ और धोखे की राजनीति कर रहे हैं।

# एफआरएल रिलायंस विलय: न्यायालय का अमेजन की याचिका पर फ्यूचर समूह को नोटिस

नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पांच जनवरी के आदेश के विरुद्ध अमेरिकी ई-वाणिज्य कंपनी अमेजन की याचिका पर बुधवार को फ्यूचर समूह को नोटिस जारी किया।

उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में रिलायंस के साथ फ्यूचर समूह के 24,500 करोड़ रुपये के विलय समझौते पर एक मध्यस्थता अधिकरण की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।




प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने अमेजन की याचिका पर फ्यूचर समूह की फर्मों- फ्यूचर कूपन्स प्राइवेट लिमिटेड (एफसीपीएल) और फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) को नोटिस जारी किये और कहा कि न्यायालय 23 फरवरी को ÷बिना किसी स्थगन के÷ याचिका पर सुनवाई करेगा।

उच्च न्यायलय ने पांच जनवरी को अमेजन-फ्यूचर मध्यस्थता प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी जो कि तीन सदस्यीय मध्यस्थता अधिकरण के सामने चल रही थी।

संक्षिप्त सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने मंगलवार को इस मामले में की गयी टिप्पणियों के बारे में मीडिया की खबरों पर अप्रसन्नता व्यक्त की। प्रधान न्यायाधीश ने मंगलवार को अमेजन का वह अनुरोध ठुकरा दिया था जिसमें अमेरिकी कंपनी ने एफआरएल द्वारा दायर एक अन्य मामले में लिखित दलीलें दाखिल करने की अनुमति मांगी थी।

एफआरएल ने एक अन्य मामले में विलय को मंजूरी देने की अनुमति के लिए राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) के निर्णय का पालन करने के वास्ते याचिका दायर की थी।

बुधवार को अमेजन की ताजा याचिका पर नोटिस जारी करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ÷अखबारों ने हमारे टिप्पणी को अनावश्यक रूप से उभार कर पेश किया है। दूसरा पक्ष (फ्यूचर) भी नहीं चाहता कि मामला चलता रहे।

पीठ ने अमेजन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सुब्रमण्यम द्वारा दलील पेश करने से पहले ही नोटिस जारी कर दिया। फ्यूचर समूह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि इस मामले 23 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

# सम्पादकीय

## भारत राष्ट्र नही तो क्या है राहुल जी!


डॉ अजय खेमरिया

भारत एक राष्ट्र नही है लोकसभा में राहुल गांधी का यह बयान उनकी भारत के प्रति समझ को लेकर उठने वाले सवालों और संदेह को फिर प्रमाणित कर गया। जिस संविधान के हवाले से राहुल ने राष्ट्र के रूप में भारत को खारिज किया है वही संविधान राष्ट्रीय एकता और अखंडता के तमाम प्रावधानों एवं आह्वानों से भरा पड़ा है लेकिन राहुल गांधी को शायद इनकी समझ ही नही है।उनका राजनीतिक दुराग्रह राष्ट्र शब्द को लेकर इतना कलुषित हो चुका है कि वे अब राष्ट्र की अवधारणा को ही मानने के लिए तैयार नही है।संविधान के भाग एक में लिखा है %भारत अर्थात इंडिया,राज्यों का संघ होगा। राहुल गांधी इस विषय को अमेरिकी संघीय व्यवस्था के साथ जोड़कर राष्ट्र अवधारणा को खारिज करने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि अमेरिका में फेडरेशन ऑफ स्टेट के तहत राज्यों ने एक अमेरिका कर संयुक्त राजअमेरिका को बनाया है।वहाँ सभी राज्य सम्प्रभु है लेकिन भारत में ऐसा नही है डॉ बीआर अंबेडकर ने भारत को फेडरेशन ऑफ स्टेट्स के स्थान पर यूनियन ऑफ स्टेट्स रखने के दो कारण बताए थे पहला भारत अमेरिकी राज्यों के आपसी एग्रीमेंट का कोई फेडरेशन या संघ नही है ,दूसरा भारत के किसी राज्य देश से अलग होने का अमेरिका का तरह अधिकार नही है।संविधान के जिस भाग का उल्लेख राहुल गांधी कर रहे थे उसी संविधान की प्रस्तावना में लिखा है कि राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिए .... प्रस्तावना संविधान की आत्मा है और यहां राष्ट्र शब्द साफ साफ लिखा हुआ है इसलिए राहुल अगर भारत को राष्ट्र नही मानते है तो उन्हें बताना चाहिये कि आखिर इन शब्दों का क्या अर्थ है?भारत अगर राष्ट्र नही है तो उन्हें यह भी बताना चाहिये कि महात्मा गांधी को वे राष्ट्रपिता कैसे स्वीकार करते है?सच्चाई यह है कि भारत राष्ट्र के रूप में एक कालजयी अवधारणा है।अटल जी ने कहा था कि भारत कोई जमीन का टुकड़ा नही है यह एक जीवित राष्ट्र है,हजारों वर्षो से भारत एक राष्ट्र के रूप में सभ्यता की चेतना का स्थाई तत्व रहा है,इतिहास के किसी भी कालखंड में भारत की राष्ट्रीय अवधारणा तिरोहित नहीं की जा सकी है।जिस संवैधानिक शब्दावली का सहारा लेकर राहुल भारत को राष्ट्र के तौर पर नकार रहे है उसी संविधान को उनकी दादी ने बंधक बनाकर आपातकाल और प्रस्तावना को बदलने के अक्षम्य पाप कारित किये है।इंदिरा जी के तानाशाह आचरण ने संविधान में जिस सेक्युलरिज्म को स्थापित किया है उसकी दूषित उपज आज संसदीय राजनीति में खरपतवार की तरह खड़ी है। सेक्युलरिज्म की इस राजनीति ने राष्ट्र और राष्ट्रवाद के विरुद्ध एक सशक्त वातावरण खड़ा किया जो राष्ट्र की उस एकता और अखंडता को चोट करता रहा है जिसे संविधान ने सबसे पवित्र माना है।संसदीय राजनीति में राष्ट्र की स्वीकार्यता के बढ़ते फलक ने राहुल गांधी को राजनीतिक रूप से विपन्न कर दिया है।ताजा बयान यह भी प्रमाणित करता है कि राहुल के नेतृत्व वाली इस पार्टी के लिए उन सभी शब्दों और आग्रहों से नफरत हो चुकी है जो भाजपा और मोदी से किसी भी तरह से संयुक्त है।राष्ट्र की कालजयी और मृत्युंजयी संस्कृति को नकारने के पीछे राहुल की मानसिकता को राजनीतिक दृष्टिकोण से समझने की आवश्यकता भी है।असल में राष्ट्र शब्द के साथ भारत की संस्कृति का अकाट्य संबंध है और राहुल की पूरी राजनीति संस्कृति के उलट ही रही है वे हिन्दू, हिंदुत्व और हिन्दूवादी को लेकर जिस प्रतिक्रियावादी मानसिकता से बातें करते है उसके मूल को समझने का प्रयास करें तो स्पष्ट होता है कि वे उस राष्ट्र तत्व की मार से पीड़ित है जो पिछले कुछ दशकों में भारत की चुनावी राजनीति में राष्ट्रीयता के तौर पर उभरकर आई है।वस्तुतः राष्ट्र और भारत एक ही है ,जिसे सेक्युलरिज्म और तुष्टीकरण की राजनीति ने लंबे समय तक अलग अलग बनाये रखा है।कांग्रेस और राहुल दोनों इस राष्ट्रभाव के आगे लगातार राजनीतिक रूप में पिट रहे है। वे राजनीतिक लाभ के लिए भारत के राष्ट्र स्वरूप को खारिज कर प्रांतवाद और अल्पसंख्यकवाद को जिंदा करना चाह रहे है।लोकसभा में तमिलनाडु,सिक्किम,जम्मू कश्मीर का जिस भाव के साथ उन्होंने जिक्र किया है उसके बहुत ही खतरनाक निहितार्थ है।वे यह सन्देश देने की कोशिश कर रहे है कि राज्यों को केंद्र के प्रति एक अलगाव का रुख अपनाना चाहिए !यह संवैधानिक रूप से भी एक खतरनाक आह्वान है क्योंकि भारत का यूनियन होने का मतलब यह नही है कि कोई राज्य भारत से अलग हो सकता है।जिस भाव से इस बात को उठाया गया है अगर यह प्रांतवाद और अलगाव नही है तो क्या है ?कभी देश की स्वाभाविक शासक रही कांग्रेस की यह वैचारिक कृपणता भारत के संसदीय लोकतंत्र के लिये भी बड़ा खतरा है।बेहतर हो राजस्थान में हिन्दू होने का दावा करने वाले राहुल अपने दत्तात्रेय ब्राह्मण गोत्र पर अमल करते हुए संस्कृति और भारत को भी समझने की कोशिश करें।वस्तुतः राष्ट्र ही वह अमूर्त चेतना है जो हजारों सालों से भारत की विविधवर्णी संस्कृति को एक इकाई के रूप में जीवित रखती है। सरकार और सत्ता तो आती जाती रहती है अटल जी ने इसी लोकसभा में कहा था कि सरकारें आएंगी जायेंगी लेकिन राष्ट्र बना रहना चाहिये।अपनी अगली विदेश यात्रा में राहुल गांधी किसी अंग्रेजी उपन्यास की जगह जम्बूदीपे भारतबरषे ...को पढ़ने की कोशिश करेंगे तो उन्हें राष्ट्र और भारत शायद समझ आ जाये।

# बुलंद इरादों के साथ चाहिए प्रभावी कार्यान्वयन

गिरीश्वर मिश्र

**अर्थशास्त्री आचार्य चाणक्य की मानें तो सुख या खुशहाली के मूल में धर्म होता है।**



इस धर्म के मूल में अर्थ यानी विविध प्रकार के संसाधन की व्यवस्था होती है। सुनने में धर्म का मूल अर्थ में ढूढ़ना कुछ असंगत-सा लगता है पर विचार करें तो स्पष्ट हो जाता है कि धर्म का संबंध नैतिक मानदंड के पालन से है और वह वस्तुत- आचरण का प्रश्न बन जाता है और उसका प्रमुख माध्यम स्वयं मनुष्य का शरीर ही होता है। इसीलिए शरीर को साधन कहते हुए महाकवि कालिदास कहते हैं- शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम। शरीर ठीक तरह चले, स्वस्थ रहे इसके लिए उचित आहार, विहार, मनन और मनोरंजन की अपेक्षा होती है। यानी अन्न, जल, व्यवसाय और उत्पादन आदि आर्थिक कार्य भी होने चाहिए। इसलिए धर्म के मूल को अर्थ में पाना उचित जान पड़ता है।

अपनी विचार श्रृंखला के अंत में निष्कर्ष रूप में आचार्य चाणक्य कहते हैं कि राज्य के समृद्ध होने से प्रजा भी सुखी होती है। अर्थात यदि राज-कोष परिपूर्ण हो तो आम जन भली-भाँति सुख चैन से रह सकेंगे और उनमें आश्वस्ति कि अनुभूति और जीवन की सार्थकता का अहसास होगा। यह कहने के पीछे यही भाव है कि राज्य के पास यदि पर्याप्त संसाधन हों तो वह प्रजा के सुख के लिए सुविधाएं और साधनों की व्यवस्था करेगा।

आचार्य चाणक्य की इस अर्थ नीति को यदि विस्तार में समझा जाय तो वित्त व्यवस्था और उसके नियोजन-नियमन की गतिकी (डायनेमिक्स) कुछ-कुछ समझ में आने लगती है। देश का बजट भी सरकार और प्रजा के बीच इन्हीं रिश्तों का खाका प्रस्तुत करता है। दायित्व सरकार और प्रजा दोनों पक्षों का बनाता है। दोनों मिलकर देश बनाते हैं और दोनों को मिलकर देश चलाना चाहिए। हाँ, सरकार का दायित्व दुहरा हो जाता है क्योंकि उसे जनता की दृष्टि भी समझनी होती है और जनता पर शासन भी करना पड़ता है।

केंद्र सरकार का वार्षिक बजट देश-मन की मुराद पूरी करने वाले नुस्खे की तरह होता है। समाज के सभी वर्ग हर साल इस आस के साथ इसका बेसब्री से इंतज़ार करते हैं कि इस बार कहाँ और कितनी राहत मिलने वाली है और जीना आसान हो सके। आधुनिकीकरण के साथ सामाजिक-आर्थिक व्यवस्थाएं सामाजिक जीवन की आपसी परिधि से बाहर निकल कर औपचारिक तंत्र के अधीन होती गईं और आर्थिक नियोजन सरकारी व्यवस्थाओं के अधीन होता गया। पर अर्थ होने बाद अर्थ या वित्तीय संसाधनों की बदौलत ही जीवन में रस का प्रवाह हो पाता है इसलिए लोग बड़ी उत्सुकता के साथ बजट प्रावधानों के प्रकट और निहित अभिप्राय ढूढने की कोशिश करते हैं।

बजट के प्रावधानों के साथ और उनके बीच ही जीने का सारा कारोबार होता है। इस बार का बजट इस अर्थ में ख़ास है कि दो साल लम्बी चली कोविड की वैश्विक महामारी झेलने के बाद कमरतोड़ आकस्मिक खर्चों के सिलसिले पर कुछ अंकुश लगाने के बाद यह पेश हुआ है। आवागमन की बंदिशों के साथ ही आम जनों के लिए विभिन्न प्रकार के अवसर भी कम पड़ते गए। महामारी ने सामान्य जीवन को तो अस्त-व्यस्त किया ही अनेक स्तरों पर व्यापार-वाणिज्य में पहल के अवसरों पर भी उसका बुरा अवसर पड़ा।

इस बीच बढ़ती महंगाई की मार और रोजगार के अवसरों की कमी के चलते हताशा के स्वर भी उठाते रहे जो स्वाभाविक भी है। स्कूली बच्चों और युवा विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश, पढ़ाई और परीक्षा से ऊब और घुटन होती रही। उनकी शिक्षा की गुणवत्ता के साथ बड़े पैमाने पर समझौते हुए। दफ्तरों का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ। इस तरह से बदलते परिवेश में बजट को लेकर सबके मन में उत्सुकता थी कि इस बार क्या कुछ मिलेगा।

जो बजट पेश हुआ वह सिर्फ एक ही सरोकार से जुड़ा था कि आज की विकट परिस्थितियों में देश को आर्थिक मजबूती कैसे दी जाय। प्रस्तुत किए गए बजट को किसी भी तरह लोकप्रिय या फिर चुनावी तैयारी वाला घोषणा पत्र नहीं कहा जा सकता। इन सबसे दीगर बजट में देश की जरूरतों और जमीनी हकीकत को पहचान कर आ रहे बदलाव को गहनता से समझने की कोशिश की गई। इसमें बहुतों को आशा के विपरीत दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर व्यापक धरातल पर सोचने की सार्थक कवायद साफ़ झलक रही है। इससे सरकार की नेकनीयत और समावेशी लोक-कल्याण की मंशा और सोच भी प्रकट होती है। सरकार की प्राथमिकताएं साफ़ दिख रही हैं। अमृतकाल में आगे के पचीस साल की योजना बनानी है। यह नीतिगत एजेंडा पेश करता दिखता है। कोरोना महामारी से उबरती अर्थव्यवस्था में प्राण-संचार के लिए बजट में जरूरी प्रावधान किए गए हैं। इसके लिए जरूरी अवसंरचना पर विशेष खर्च किया जाना तर्कसंगत है। बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने को प्राथमिकता देते हुए बहुत सारी घोषणाएं की गई हैं। विश्व के आर्थिक क्षितिज पर भारत के आगे बढ़ने की आहट सुनी जा सकती है।

गौरतलब है कि महामारी के मद्देनजर दो सालों में कर नहीं बढ़ाया गया। इस बार आयकर की दरें पूर्ववत बरकरार रखी गई हैं। करदाताओं को जरूर अपने आयकर रिटर्न को सुधारने का अवसर दिया गया है। बजट में देश के विकास की नींव को मजबूत करने के अनेक प्रस्ताव दे गए हैं। देश में पचीस हजार किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग तैयार होंगे। 5 जी स्पेक्ट्रम कि नीलामी होगी। ग्रामीण क्षेत्र में भी यातायात की स्थिति सुधारने के लिए सड़क के लिए अधिक धन आवंटित किया गया है। तीन सालों में चार सौ वन्दे मातरम ट्रेनों को चलाया जायगा। इन सबसे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि कामकाज में भी सुविधा होगी। साठ लाख नई नौकरियों की भी घोषणा की गई है।

इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में भी कई महत्त्व की बातें की गई हैं। स्कूली और उच्च शिक्षा को लेकर सोलह हजार करोड़ के अनुदान की बढ़ोत्तरी हुई है। यह संतोष की बात है कि बारहवीं कक्षा तक क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाई की व्यवस्था की जायगी। मातृभाषाओं के माध्यम से शिक्षा की दिशा में यह प्रभावकारी कदम होगा। वर्चुअल प्रयोगशालाओं की मदद से गणित और विज्ञान की शिक्षा को सुदृढ़ किया जायगा। डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना एक बड़ा और महत्वाकांक्षी कदम है। गिफ्ट सिटी गांधीनगर में विदेशी विश्वविद्यालयों के परिसर को स्थापित करने का अवसर होगा। राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क को प्रगतिशील और औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने का प्रावधान है। दो सौ ई-विद्या टीवी चैनेल चलेंगे। देश में शिक्षा की जरूरतों को लेकर सरकार चिंतित जरूर है पर बजट का आवंटन अपर्याप्त है। नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के लिए अतिरिक्त प्रावधान आवश्यक है।

यह हर्ष की बात है कि कृषि के क्षेत्र में सरकार एमएसपी के अंतर्गत गेहूँ और धान की खरीदी के लिए 2.37 लाख करोड़ रूपयों का प्रावधान किया है। कुल 1008 मीट्रिक तन अनाज खरीदा जायगा। वर्ष 2023 को मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया जायगा। आर्गेनिक खेती को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को डिजिटल और हाईटेक सेवा प्रदान करने के साथ तिलहन के उत्पाद को बढ़ाने के उपाय भी किये जाएंगे। कृषि ऋण के लिए 18 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है। स्टार्ट अप को गति दी जायगी।कोरोना काल में पिछड़ने की भरपाई के लिए ये सारे प्रयास महत्वपूर्ण साबित होंगे।

नारी शक्ति के महत्त्व को ध्यान में रख कर महिला और बाल विकास मंत्रालय के तहत मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, सक्षम आँगनवाड़ी और पोषण-2 आदि के द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य और पालन -पोषण को सुदृढ़ आधार देने की बात कही गई है। महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वाकांक्षी प्रयास होगा। रक्षा बजट में कुल आवंटन 4.7 करोड़ से बढ़ाकर 5.25 लाख करोड़ किया गया है। यहाँ ख़ास बात यह है कि रक्षा अनुसंधान के मद में 25 फीसदी निजी उद्योगों, स्टार्टअप तथा अकादमियों के लिए है। घरेलू रक्षा उद्योग को बढ़ावा दिया जायगा।

आधुनिकीकरण पर 12 प्रतिशत अधिक खर्च होगा। आतंरिक सुरक्षा पर 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बजट में 16.59 प्रतिशत की वृद्धि के साथ प्रावधान किया गया है।

# डिजिटल शिक्षा क्रांति का जलवा

डा. वरिंदर भाटिया




देश में डिजिटल शिक्षा क्रांति का जलवा बिखेरने की कवायद की तरफ कदम बढ़ाए जा रहे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने इस बार के बजट में डिजिटल शिक्षा पर फोकस रखा है। उन्होंने कहा है कि देश में डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। वित्त मंत्री के अनुसार कोरोना के चलते विद्यार्थियों की पढ़ाई का काफी नुकसान हुआ है। देश में अनेक छात्र कोविड-19 के कारण शिक्षा में नहीं जा पाए हैं। महामारी की वजह से बंद होने के कारण, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति और अन्य कमजोर वर्गों के बच्चों ने लगभग दो साल की औपचारिक शिक्षा खो दी है। इसे कुछ हद तक कम करने के लिए डिजिटल यूनिवर्सिटी के जरिए ई-कंटेंट और ई-लर्निंग को बढ़ावा दिया जाएगा। बदलते युग में डिजिटल शिक्षा एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इसका मकसद देशभर में छात्रों को अब घर बैठे क्लास एजुकेशन देना है। डिजिटल यूनिवर्सिटी एक ऐसी यूनिवर्सिटी है जहां पढ़ाई पूरी तरह से ऑनलाइन होती है। डिजिटल यूनिवर्सिटी में दाखिला लेने वाले स्टूडेंट्स को कहीं जाना नहीं होगा, घर बैठे ही ऑनलाइन पढ़ाई हो सकेगी। देश के किसी कोने से स्टूडेंट्स पढ़ाई कर सकेंगे। यहां अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञ ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शिक्षा देंगे। इससे हमारे काबिल शिक्षकों की प्रतिभा का बेहतरीन उपयोग हो सकेगा। विदेशों में अनेक डिजिटल यूनिवर्सिटी इसी पैटर्न पर काम कर रही हैं। भारत के अलावा दुनियाभर में पहले से डिजिटल यूनिवर्सिटी के तहत छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही है। यही नहीं, कई देशों की यूनिवर्सिटीज में विभिन्न कोर्स की पढ़ाई ऑनलाइन तर्ज पर होती है और इनकी डिग्री भी ऑनलाइन दी जाती है। इनमें यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी, जॉन हापकिंस यूनिवर्सिटी शामिल हैं। हालांकि ये विश्वविद्यालय ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन यानी अपने कैंपस में भी शिक्षा उपलब्ध कराते हैं। स्पेन की मिया यूनिवर्सिटी इसका एक उदाहरण है। यहां पर ऑनलाइन मास्टर, सर्टिफिकेट और एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम चलाए जाते हैं, जिसे ऑनलाइन किया जा सकता है। देश में डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना इन्फारमेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नालॉजी के आधार पर होगी। डिजिटल यूनिवर्सिटी का निर्माण देशभर की शीर्ष केंद्रीय यूनिवर्सिटियों की मदद से किया जाएगा। इस यूनिवर्सिटी की मदद से देश की विभिन्न भाषाओं में छात्रों को शिक्षा दी जा सकेगी। यही नहीं, छात्रों को इंडियन सोसाइटी फॉर टेक्निकल एजुकेशन के मानकों पर वर्ल्ड क्लास एजुकेशन उपलब्ध कराई जाएगी। डिजिटल यूनिवर्सिटी के तहत जरूरी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाएगी और यह काम सेंट्रल यूनिवर्सिटीज की मदद से होगा। इसमें छात्रों को विभिन्न कोर्स और डिग्री से जुड़ी पढ़ाई ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएगी। हालांकि अभी इसका निर्धारण नहीं किया गया है कि इस यूनिवर्सिटी में किस तरह के कोर्स की पढ़ाई होगी। इस यूनिवर्सिटी के जरिए देशभर में दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा दी जा सकेगी। छात्रों को एक ही प्लेटफॉर्म पर विभिन्न शीर्ष विश्वविद्यालयों के कोर्स करने का मौका मिलेगा और इस तरह छात्र अपने मनचाहे कोर्स मनमाफिक यूनिवर्सिटी से घर बैठे कर सकेंगे। इसमें एक कैंपस होगा, जहां शिक्षक और स्टाफ होंगे और यही शिक्षक विभिन्न राज्यों में बैठे छात्रों को एक साथ ऑनलाइन पढ़ाएंगे। हालांकि दूरस्थ शिक्षा यानी डिस्टेंस एजुकेशन के तहत पहले भी पढ़ाई हो रही थी, मगर पहले स्टडी मेटेरियल घर पर पोस्ट के जरिए आता था और इसमें काफी समय लगता था। अब स्टडी मेटेरियल के लिए छात्रों को इंतजार करने की जरूरत नहीं होगी।

उनकी पढ़ाई से संबंधित मेटेरियल ऑनलाइन तुरंत मिल सकेगा। डिजिटल यूनिवर्सिटी हब एंड स्पोक मॉडल पर आधारित होगी। यह ऐसा डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क होता है जिसमें सब कुछ एक सेंट्रलाइज्ड हब से होता है और अंत में छोटी-छोटी जगहों यानी स्पोक तक पहुंचता है। यानी यह हब से निकलेगी और स्पोक तक पहुंचाई जाएगी। इसके तहत एक मैसेज पैदा किया जाएगा और उसे एक ही बार में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म यानी स्पोक पर शेयर किया जाएगा। सीधे शब्दों में कहें तो हब एंड स्पोक मॉडल का मतलब है कि आपने एक मैसेज क्रिएट किया और फिर उसे एक ही बार में अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसमें मैसेज हब हुआ और प्लेटफॉर्म स्पोक। डिजिटल यूनिवर्सिटी में पाठ्यक्रम विभिन्न भारतीय भाषाओं और आईसीटी प्रारूपों में उपलब्ध कराया जाएगा। बहरहाल यह पहली बार नहीं है जब देश में डिजिटल यूनिवर्सिटी को लेकर चर्चा हो रही है। इससे पहले वर्ष 2021 में देश की पहली डिजिटल यूनिवर्सिटी केरल में खुल चुकी है। यह दो दशक पुराने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फारमेशन टेक्नालॉजी एंड मैनेजमेंट केरल को अपग्रेड करके ही की गई है। केरल की डिजिटल यूनिवर्सिटी में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम और विभिन्न डिजिटल टेक्नालॉजी के क्षेत्रों में शोध आधारित कोर्स पर पढ़ाई होती है। केरल की यह यूनिवर्सिटी कंप्यूटर साइंस, इन्फारमेटिक्स, एप्लाइड इलेक्ट्रानिक्स एंड ह्यूमिनेटिज के अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, साइबर सिक्योरिटी डेटा एनॉलिटिक्स समेत विभिन्न उद्योगों पर आधारित शिक्षा उपलब्ध कराती है। वहीं देश की दूसरी डिजिटल यूनिवर्सिटी राजस्थान के जोधपुर में स्थापित की जा रही है। जोधपुर डिजिटल यूनिवर्सिटी का निर्माण 30 एकड़ क्षेत्र में करीब चार सौ करोड़ की लागत से हो रहा है। इसे ट्विन टॉवर के फ्रेम में बनाया जा रहा है और इसमें विभिन्न ब्लॉकों की जगह विंडोज मैट्रिक्स दिखाई पड़ेंगी।

इस बजट में डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना भारत के युवाओं के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण कदम है। इससे छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा प्राप्त होगी। अब गैर-तकनीकी छात्र भी तकनीकी विषयों का अध्ययन कर सकेंगे और उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी। डिजिटल एजुकेशन को शिक्षा की सहायक पाठ्य प्रक्रिया के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। डिजिटल यूनिवर्सिटी का सपना भी तभी सफल होगा जब संसाधनों के अभाव को दूर किया जाएगा। इस देश के ज्यादातर छात्र इस दशा में नहीं हैं कि ई-कंटेंट के जरिए उनकी पढ़ाई का घाटा पूरा करवाया जा सके और आर्थिक सर्वेक्षण यह बताने से भी चूक गया कि खुद शिक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट ने ऐसी दशा का ब्यौरा दिया था। बीते साल अक्तूबर के पहले पखवाड़े में एक रिपोर्ट 'इनिशिएटिव बाय दि स्कूल एजुकेशन सेक्टर इन 2020-21' के नाम से आई। इस रिपोर्ट में बताया गया कि देश के सात बड़े राज्यों असम, आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, झारखंड, मध्य प्रदेश तथा उत्तराखंड में स्कूल जाने वाले 40 से 70 प्रतिशत छात्रों के पास डिजिटल एक्सेस का कोई साधन नहीं है। मध्य प्रदेश में 70 प्रतिशत स्कूली छात्र डिजिटल एक्सेस से वंचित हैं तो बिहार और आंध्र प्रदेश में ऐसे छात्रों की तादाद 55 प्रतिशत से ज्यादा है। बिहार में 58 प्रतिशत, आंध्र प्रदेश में 57 प्रतिशत, असम में 44 प्रतिशत, झारखंड में 43 प्रतिशत, उत्तराखंड में 41.17 प्रतिशत और धनी कहलाने वाले राज्य गुजरात में 40 प्रतिशत से ज्यादा छात्र लैपटॉप, डेस्कटॉप, टैबलेट, स्मार्टफोन सरीखे किसी भी ऐसे डिवाइस से वंचित हैं जो उन्हें ई-कंटेंट मुहैया करा सके।

# 'गौ कृपा अमृत' हर प्रकार के फसलों के लिए वास्तव में अमृत है

आर. के. सिन्हा

जैविक कृषि में प्रयोग के लिए वर्तमान में 'गौ कृपा अमृत' हर प्रकार के फसलों के लिए वास्तव में अमृत है।

'गौ कृपा अमृत' ही ऐसा अकेला और हर प्रकार से सस्ता जैविक उर्वरक दिख रहा है जो हरेक फसल के लिए प्रभावकारी और उपयोगी है। इसे बनाने के लिए किसी भी किसान के पास मात्र एक देशी नस्ल की गौ माता की घर में उपलब्धता होनी चाहिए। उस एक देशी गौ माता की कृपा से ही एक किसान लगभग 15 से 20 एकड़ की सभी फसल के लिए पर्याप्त जैविक खाद बना सकता है और विषमुक्त फसल पैदा कर सकता है।

**जैविक कृषि के लिए कौन-कौन से खाद चाहिए**

सबसे पहले तो यह जानना जरूरी है कि हमें अपनी जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए किस-किस प्रकार के उर्वरक चाहिए। हमें समझने की बात यह है कि सभी फसलों को तीन मुख्य प्रकार के तत्वों की आवश्यकता होती है जिन्हें नाइट्रोजन, फासफोरस और पोटाश के नाम से जाना जाता है। कृषि में लगभग 12 से 13 प्रकार के अन्य उर्वरकों की भी आवश्यकता फसलों को होती है, जिनमें कैल्शियम, मैग्नेशियम, मैगनीज, आयरन, बोरान, सल्फर, जिंक आक्साइड, कापर सल्फेट और कई प्रकार के अम्लों की भी जरूरत होती हैं जैसे ह्यूमिक एसिड, एमिनो एसिड, जिब्रालिक एसिड आदि की आवश्यकता हर प्रकार के फसलों को होती है। किन्तु सभी प्रकार के फसलों को हर प्रकार के तत्वों की आवश्यकता बराबर मात्रा में नहीं होती है। अब यदि हम रासायनिक खादों का प्रयोग करते हैं तो सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि खादों में जितने प्रकार के उर्वरक तत्व होते हैं, उनका जितना प्रयोग पौधों पर कर पाते हैं उतना तो ठीक है लेकिन वे पूरे डाले गये रसायनिक उर्वरकों की मात्रा का बहुत ही कम प्रतिशत लेते हैं। बाकी का उर्वरक जिसका उपयोग फसल नहीं कर पाती है वह खेत में पड़ा रह जाता है और खेत की जैविक कार्बन की प्रतिशत को लगातार घटाता रहता है। सामान्यतः जिस प्रकार प्रत्येक वर्ष हम 3 से 4 बार हर फसल में उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग करते हैं, उससे धीरे-धीरे जमीन की जैविक कार्बन की मात्रा शून्य हो जाती है और जमीन बंजर हो जाती है। उसमें पैदावार के उत्पादन की संभावना शून्य हो जाती है।

रासायनिक खादों का दूसरा दुष्परिणाम यह होता है कि जमीन में पड़े-पड़े ये रासायनिक उर्वरक बरसात के पानी, नदी-नालों के पानी और जल वितरण प्रणाली के पानी के साथ मिलकर जल को प्रदूषित करते हैं। जल के माध्यम से यह दूषित जल मानव एवं पशुओं के शरीर में प्रवेश कर हर प्रकार के असाध्य बीमारियों को जन्म देता है।तीसरे प्रकार का दुष्परिणाम यह होता है कि जब भी तेज हवा चलती है, रासायनिक उर्वरक हवा के साथ मिलकर श्वांस प्रक्रिया के माध्यम से मानव शरीर और पालतू पशुओं के शरीर में प्रवेश कर उनके फेफड़े को खराब करते हैं। श्वांस प्रक्रिया से संबंधित बीमारियों खासकर कैंसर के कारण बनते हैं।

**अन्य उर्वरकों से गौ कृपा अमृत कैसे अलग है?**

सबसे पहले तो यह जान लेना जरूरी है कि गौ कृपा अमृत है क्या? गौ कृपा अमृत और कुछ नहीं, देशी गौ माता के गोबर और गौमूत्र में विद्यमान लगभग पांच सौ से भी ज्यादा लाभकारी बैक्ट्रिया में से 60 से 70 अत्यंत प्रभावी बैक्ट्रिया को चिन्हित करके, उसे अलग करके, सुरक्षित करके और पोषित करके, विस्तारित किया हुआ एक ऐसा पोषक उर्वरक तत्व है जिसमें 60 से 70 प्रकार के लाभकारी बैक्ट्रिया करोड़ों की संख्या में विद्यमान रहते हैं, जो सभी प्रकार के उर्वरक तत्वों को वायुमंडल से खींचकर पौधे के पत्तों और जड़ों तक आवश्यकतानुसार पहुँचाने का काम करते हैं। अब यह आवश्यकतानुसार शब्द ध्यान देने योग्य है। जहां एक ओर रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से पौधे की जड़ों और जमीन में आवश्यकता से अधिक डाला गया उर्वरक आपकी जमीन और वातावरण को नुकसान पहुंचाता है, वहीं गौ कृपा अमृत में विद्यमान जीवाणु पौधों को पोषक तत्व की पूर्ति तो अवश्य करते हैं, किन्तु; उतना ही, जितना पौधों की मांग या आवश्यकता होती है। इस प्रकार ये वायुमंडल से उतना ही उर्वरक खींचते हैं, जितना कि पौधों को चाहिए। न कम न ज्यादा। इस प्रकार यह उर्वरक जमीन को कतई नुकसान नहीं पहुंचाता है और न ही वातावरण को दूषित करता है।

**गौ कृपा अमृत में विद्यमान पौष्टिक तत्व**

गौ कृपा अमृत में जैसा कि मैंने ऊपर बताया है कि 60 से 70 प्रकार के सूक्ष्म जीवाणु या बैक्टीरिया समूह उपलब्ध रहते हैं। उनमें से लगभग 10 प्रतिशत यानि कि 6 से 7 ऐसे बैक्टीरिया होते हैं जो वायुमंडल से आवश्यकतानुसार नाइट्रोजन खींचकर पौधों को पहुँचाने का काम करते रहते हैं। लगभग इतने ही यानी 4 से 6 प्रकार के बैक्टीरिया फास्फोरस, पोटाश, कैल्शियम, मैग्नेशियम, जिंक, वोरान आदि के लिए होते हैं जो पौधों के आवश्यकतानुसार ही पोषक तत्वों को पौधों तक पहुंचाते हैं। इसी प्रकार लगभग 6 से 7 प्रकार के बैक्टीरिया ऐसे होते हैं जो फंगस विरोधी कार्य करते हैं और ये पौधों के जड़ों के आसपास भिन्न-भिन्न प्रकार के रायजोबियम या एजिक्टोबैक्टर की गांठें बना देते हैं, जिससे कि किसी भी प्रकार का शत्रु फंगस पौधे के जड़ों को नुकसान नहीं पहुंचा पाते हैं।

अब गौ कृपा अमृत का उपयोग हम सीधे पानी के साथ डालकर जमीन में भी छोड़ सकते हैं और छिड़काव की विधि से भी इनके पत्तों और फलों पर भी कर सकते हैं। यह बात ध्यान में रखना चाहिए कि छिड़काव कभी भी वैसी हालत में नहीं करना चाहिए जब पौधों में फूल आ रहे हों। फूल आते वक्त पौधों पर छिड़काव करने से फूलों के नष्ट होने की संभावना बनी रहती है। लेकिन जब फूल बालियों में या छीमियों में परिवर्तित हो जाये तब उसके ऊपर छिड़काव करने में कोई हर्ज नहीं है, बल्कि फलों के विकास में मदद ही करता है।

एकबार यानी चार महीने वाली फसल को चार पानी और तीन महीने वाली फसल को तीन पानी में, हर पानी के साथ गौ कृपा अमृत जमीन में डालना लाभकारी है। इसी प्रकार, बीच में प्रत्येक सप्ताह गौ कृपा अमृत का 10 प्रतिशत यानि 15 लीटर के टैंक में डेढ लीटर गौ कृपा अमृत को 13 लीटर पानी के साथ मिलाकर पौधों के पत्तों और फलों पर छिड़काव कर दिया जाये, तो मेरा यह अनुभव है कि जैविक विधि से उत्पन्न उत्पाद किसी भी रसायनिक उर्वरक के प्रयोग से उत्पन्न उत्पाद से कभी भी मात्रा या क्वालिटी में कम नहीं होगा और यह पूर्णतः विषमुक्त भी होगा। हर प्रकार से खाद्य पदार्थ पौष्टिक भी होगा और ज्यादा स्वादिष्ट भी होगा।

**तो यह हुई जैविक उर्वरक 'गौ कृपा अमृत' की बात**

अगले अंक में हम बात करेंगे कि जैविक कीटनाशकों को कैसे तैयार करें जिससे कि फलों, सब्जियों और हर प्रकार के खाद्यान्न पदार्थों को पूरी तरह से कीटों और बीमारियों से बचाते हुये विषमुक्त फलों, सब्जियों और खाद्यानों का उत्पादन कर सकें।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं, दिल्ली.... से मुद्रित एवं, ब्लॉक नं. 23 मकान नं. 399 त्रिलोकपुरी दिल्ली....91
से प्रकाशित संपादक -प्रवीण कुमार सिंह टेलीफोन नं. 011.22786172 फैक्स नं. 011.22786172
RNI NO. DELHIN38334, E-mail:gauravashalibharat@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के पीआरबी एट के तहत

## सार समाचार

### हिजाब पर कर्नाटक में बवाल, मंत्री बोले पुलिस बल प्रयोग करने पर ना करें मजबूर

बेंगलुरु। कर्नाटक के कई भागों में कॉलेज में हिजाब पहनने के पक्ष और विरोध में तेज होते प्रदर्शनों के बीच राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही कहा कि किसी को भी पुलिस को बल का प्रयोग करने को मजबूर नहीं करना चाहिए। राज्य के उडुपी, शिवमोगा, बागलकोट और अन्य भागों में स्थित शैक्षणिक संस्थानों में तनाव बढ़ने के चलते पुलिस और प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है और इसी बीच गृह मंत्री की यह चेतावनी आई है। वहीं, कर्नाटक उच्च न्यायालय में मंगलवार को उडुपी स्थित एक महाविद्यालय में हिजाब पहनने की अनुमति देने के लिए विद्यार्थियों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई होने की उम्मीद है। ज्ञानेंद्र ने कहा, आप (छात्र) सभी शिक्षित हैं, आपको अपने भविष्य के बारे में सोचना होगा। कोविड-19 के दो साल बाद, इस साल ठीक तरह से कक्षाएं संचालित हो पा रही हैं। आगामी महीनों में परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और यह समय उसकी तैयारी का है। इन घटनाओं के पीछे धार्मिक ताकतों का हाथ होने की ओर इशारा करते हुए मंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा, इस देश के बच्चे होने के नाते, हम सभी को भाइयों की तरह साथ खड़ा होना चाहिए। पोशाक समानता का प्रतीक है। शैक्षणिक संस्थान हमारे धार्मिक आस्था का पालन करने या हमारी वेशभूषा दिखाने का स्थान नहीं हैं।




### जम्मू-कश्मीर में बढ़ रहा भाजपा का जनाधार, कई दिग्गजों ने थामा पार्टी का दामन

जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 के हटने के बाद भाजपा लगातार वहां विस्तार की कोशिश कर रही है। पार्टी ने जम्मू क्षेत्र के साथ-साथ कश्मीर में भी अपनी पकड़ मजबूत करने की शुरूआत कर दी है। डीडीसी के भी चुनाव में भाजपा को काफी सफलता हासिल हुई थी। यही कारण है कि दूसरे दलों के भी नेता अब भाजपा में जुड़ने लगे हैं। इसी कड़ी में राजौरी के प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक व्यक्तित्व ने भाजपा का दामन थामा है। इन लोगों को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना ने पार्टी में शामिल कराया। इस अवसर पर जम्मू कश्मीर भाजपा के कई और नेता भी मौजूद रहे जिसमें विबोध गुप्ता और ठाकुर रणधीर सिंह भी शामिल हैं। भाजपा में शामिल होने वाले नेता नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी या अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर आए थे। रविंदर रैना ने नए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि वे प्रमुख सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता हैं जो समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा परिवार में उनका खुले दिल से स्वागत करती है। रविंदर रैना ने कहा कि नि:स्वार्थ भाव से देश और समाज की सेवा करने के लिए भाजपा सबसे अच्छा मंच है। रैना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले भाजपा कार्यकताओं के गहन और समर्पित प्रयासों के परिणामस्वरूप क्षेत्र या धर्म के बावजूद हर कोई भाजपा में शामिल होना चाहता है।

### अजमेर: ख्वाजा गरीब नवाज के दर पर अदा की गई बसंत की रस्म

अजमेर। सोमवार के दिन गंगा जमुनी तहजीब का केंद्र ख्वाजा गरीब नवाज के दर पर रहमतुल्लाह अलैह के 810वें उर्स के मुबारक मौके पर बंसत की रस्म अदा की गई। यह रस्म दरगाह के दीवान परिवार के साथ ही शाही कव्वाल और दरगाह के खादिमों की ओर से अदा की गई। इस दौरान ख्वाजा साहब के जयकारों से दरगाह गूंज उठी। शाही कव्वाल की ओर से सोमवार को बसंत बसंत है सुहागन सहित अन्य कलाम ख्वाजा साहब की शान में पेश की गए। दरगाह के दीवान सैयद जैनुल आबेदीन के बेटे सैयद नसीर उद्दीन चिश्ती ने बताया कि सोमवार को 5 रजब के मौके पर दरगाह में बसंत की रस्म अदा की गई। यह बसंत की रस्म हिंदू मुस्लिम एकता और भाईचारे का पैगाम देती है। ख्वाजा गरीब नवाज पूरी दुनिया में अमन चैन और भाईचारे का पैगाम देते हैं, ऐसे में इस तरह की रस्में यहां आयोजित की जाती है जिसमें बड़ी संख्या में लोग शिरकत करते हैं। शाही कव्वाल असरार हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रस्म किसी की सदारत में नहीं होती, सभी लोग इस खास रस्म को मुकम्मल करते हैं। आपको बता दें दरगाह के निजाम गेट से जुलूस की शुरूआत हुई जहां से शाही कव्वाल असरार हुसैन ने साथी सूफियाना कलाम पेश किया। इस दौरान पीले रंग का बसंत का गुलदस्ता हाथ में लेकर कव्वाल कव्वालियां गाते हुए ख्वाजा साहब की खिदमत में गुलदस्ता लेकर पहुंचे और सुंदर खाना दरवाजे से होते हुए आहत ऐनूर में पहुंचे। इसके बाद महफिल का आयोजन किया गया। और इसके बाद बसंत गुलदस्ता मजार ए शरीफ पर पेश किया गया। इस मौके पर दरगाह के दीवान और कई प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### उत्तराखंड- हाड़ कंपाने और खून जमा देने वाली ठंड में सीमा की सुरक्षा पर मुस्तैद हैं जवान

देहरादून । अनुकूल मौसम में तो सब काम आसान होता है पर प्रतिकूल परिस्थितियों देश की सीमाओं की रक्षा करना आसान नहीं होता। ऐसी ही दुरूह परिस्थिति में उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में खून जमा देने वाली ठंड के बीच भी भारतीय सेना के जवान बड़ी ही मुस्तैदी से डटे हुए है। चमोली जिले से सटी चीन सीमा पर भारी बर्फ के बीच भी सेना लगातार गश्त कर रही है। एक वीडिया सामने आया है, जिसमें साफ देखा जा रहा है कि कैसे जवान बर्फ में भी सीमा की सुरक्षा में डटे हुए है। ये कहना बिल्कुल भी गलत नहीं है कि आज देश वीर जवानों की वजह ही सुरक्षित है। सीमा पार हो या फिर देश के भीतर भारतीय सेना के जवान अपनी ड्यूटी को पूरी शिद्दत से करते हैं। उन्हीं की वजह से हम घरों के भीतर चैन से रह पाते हैं। उत्तराखंड में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। खासकर ऊंचाई वाले इलाकों में हो रही भारी बर्फबारी ने यहां का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। इन सबके बीच हमारे जवान सरहद की सुरक्षा में डटे हुए हैं। बारिश, बर्फबारी कड़ाके की ठंड कोई भी उनके हौसलों को नहीं डिगा पाई है। चमोली उत्तराखंड का पहाड़ी जिला है। यहां के ऊंचाई वाले स्थानों पर बारिश और बर्फबारी से तापमान काफी नीचे पहुंच जाता है। बदरीनाथ, औली समेत जिले के कई क्षेत्रों में भारी हिमपात होता है। इससे न सिर्फ हाड कंपाने देने वाली ठंड पड़ती है, बल्कि रास्ते भी बंद हो जाते हैं, जिससे आम जन को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बार्डर एरिया पर भी इस तरह की दिक्कतें देखने को मिलती है, लेकिन हमारे जवान हर परिस्थिति से निपटने को तैयार रहते हैं और वे किसी भी परिस्थिति का डटकर सामना करते हैं।

### मुख्यमंत्री चन्नी के भतीजे की हिरासत 11 फरवरी तक बढ़ी, अवैध खनन मामले में हुई थी गिरफ्तारी

चंडीगढ़। पंजाब में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के भतीजे की मुश्किलें बढ़ गई हैं। आपको बता दें कि भूपिंदर हनी की हिरासत बढ़ा दी गई है और अब वह 11 फरवरी तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में रहेंगे। कोर्ट में ईडी ने दावा किया कि भूपिंदर हनी ने पूछताछ में कबूला कि अवैध खनन मामले में अधिकारियों का तबादला करवाकर करोड़ों रुपए की वसूली की।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महाराष्ट्र का अपमान करने के लिए माफी मांगनी चाहिए- नाना पटोले

- मजदुर नहीं बल्कि नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम के जरिए पीएम मोदी बने कोरोना स्प्रेडर
- कांग्रेस कार्यकर्ता राज्य भर में भाजपा कार्यालयों के सामने आज करेंगे आंदोलन

**मुंबई (एजेंसी)**

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में अपने भाषण में छत्रपति शिवाजी महाराज के महाराष्ट्र के 12 करोड़ लोगों पर कोरोना फैलाने का झूठा आरोप लगाकर उनका अपमान किया है। पीएम मोदी पर यह निशाना महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने साधा है। उन्होंने कहा कि अगर पीएम मोदी अपने इस बयान के लिए माफी नहीं मांगते हैं तो कांग्रेस पार्टी बुधवार को राज्य भर में बीजेपी दफ्तरों के सामने प्रदर्शन करेगी। पटोले ने कहा कि यदि राज्य के भाजपा नेताओं को महाराष्ट्र की इतिहास और गरिमा पर कोई विश्वास है, तो उन्हें भी प्रधानमंत्री के इस बयान का विरोध करना चाहिए, अन्यथा उन्हें राज्य के इतिहास में 'महाराष्ट्र देशद्रोही' के रूप में दर्ज किया जाएगा। मुंबई के गांधी भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पटोले ने कहा कि जब से महाराष्ट्र की जनता ने भाजपा को सत्ता से बेदखल किया है, सड़कों से लेकर दिल्ली तक के सभी भाजपा नेताओं को महाराष्ट्र से नफरत करने की बीमारी हो गई है। इसलिए हर दिन वे महाराष्ट्र को बदनाम करने के लिए झूठी साजिश रच रहे हैं। अब प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के लिए नफरत की सारी हदों को पार कर दिया है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते हुए उन्होंने महाराष्ट्र का अपमान किया है। वे भूल गए हैं कि प्रधानमंत्री पूरे देश का होता है। पटोले ने कहा कि पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा खो दी है और वे केवल भाजपा प्रचारक बन कर रह गए हैं। नाना पटोले ने कहा कि मानवधर्म और महाराष्ट्र धर्म का पालन करते हुए कांग्रेस पार्टी और महाविकास अघाड़ी सरकार ने कोविड संकट में सभी जरूरतमंद लोगों की मदद करने की पहल की। लॉकडाउन के के दौरान जिन प्रवासी भाइयों को भोजन की आवश्यकता थी, उनके लिए भोजन की व्यवस्था की और उनके लिए मुफ्त टिकटों का इंतजाम कर उन्हें सुरक्षित और सम्मान के साथ घरों तक पहुंचाया। संकट में मजदूरों की मदद करने की



बजाय प्रधानमंत्री लोगों से थाली बजाने के अलावा अपने आवास पर मोरों को खाना खिला रहे थे। पटोले ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आम जनता की तुलना में अपने व्यापारिक मित्रों की अधिक परवाह करते हैं। पूरे कोरोना काल में पीएम मोदी ने अपने उद्योगपति दोस्तों का ख्याल रखा लेकिन आम जनता को सड़कों पर मरने के लिए छोड़ दिया। ऐसे समय में महाराष्ट्र कांग्रेस ने लोगों की मदद का बीड़ा उठाया। पटोले ने कहा कि कोरोना संकट की शुरूआत में नमस्ते ट्रंप जैसे कार्यक्रमों के साथ नरेंद्र मोदी ही कोरोना के असली स्प्रेडर हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी जिन लोगों पर कोरोना फैलाने का आरोप लगाया है, दरअसल में वे प्रवासी मजदुर और कोरोना वॉरियर्स हैं।

### हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 2 मार्च से

चंडीगढ़। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि विधानसभा का बजट सत्र 2 मार्च से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि कैबिनेट की बैठक में 28 एजेंडों पर चर्चा हुई। हम आजादी से पहले के कानूनों को खत्म करेंगे। जिन कानूनों की उपयोगिता खत्म हुई, वह खत्म होंगे। मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में धर्मांतरण को कानूनी रूप से रोक रहे हैं। जबरदस्ती शादी कराना भी धर्मांतरण की कैटेगरी में है।मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मांतरण रोकने के लिए सख्त अधिनियम बनाया जाएगा।मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 2 मार्च से शुरू करने का प्रस्ताव पास किया गया। ये प्रस्ताव अब महामहिम राज्यपाल और विधानसभा स्पीकर भेजा जाएगा हरियाणा गैरकानूनी धर्मांतरण रोकथाम विधेयक 2022 को कैबिनेट ने दी मंजूरी।अब विधानसभा में पेश किया जाएगा विधेयक। मंत्रिमंडल में ने निरसन विधेयक 2021 को दी मंजूरी,राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के उन 20 अधिनियमों को निरस्त किया जाएगा जो अब उपयोग में नहीं।शाहाबाद शुगर मिल को केएलपीडी एथनोल प्लांट की स्थापना के लिए 8.92 करोड रुपए की मंजूरी। पंजाब डिस्टिलरी नियम (हरियाणा राज्य में लागू) में नया नियम 16इ जोड़ा गया... इससे डिस्टलरी में स्पिरिट के बाहर जाने के मापन के लिए फ्लो मीटर लगेंगे। निजी जमीन पर बनी किसी इमारत को 20 साल तक परिवार क्लेम कर पाएगा... उससे पहले की किसी भी इमारत या इंफ्रास्ट्रक्चर पर परिवार का क्लेम नहीं होगा । मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना की रडढ को लागू करने की मंजूरी, इस योजना में अब केन्द्र सरकार की 5 योजनाओं को सम्मिलित किया गया । हिमाचल प्रदेश और हरियाणा सरकार के बीच आदिबद्री बांध के निर्माण के एमओयू को एक्स पोस्ट-फैक्टो स्वीकृति।

# संसद में झूठ बोल रहे हैं पीएम, नाकामी छिपाने के लिए ले रहे हैं नेहरू का नाम: कांग्रेस

**नयी दिल्ली। (एजेंसी)**

कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में बार-बार 'झूठ' बोल रहे हैं तथा अपनी 'नाकामी' छिपाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का नाम ले रहे हैं। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह दावा भी किया कि कांग्रेस के होने के कारण आज देश का संविधान है और कभी दो सांसदों वाली पार्टी रही भाजपा सत्ता तक पहुंच गई। सुरजेवाला ने ट्वीट किया, 'माननीय मोदी जी, आजादी के 75वें साल में केवल झूठ-नफरत-अहंकार-प्रोपोगेंडा और पूंजीपतियों का अमृत-काल चल रहा है। युवाओं, किसानों, गृहणियों, गरीबों, छोटे दुकानदारों और व्यवसाइयों का तो 'राहुकाल' चल रहा है।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस है इसीलिए- कभी दो सांसदों वाली पार्टी आज सत्ता में है, दमन यंत्रों के बीच भी जनता की आवाज है, झूठ और प्रोपोगेंडा के बीच भी बेखौफ सच है, जुमलों वाली निकम्मी सरकार की सनक के बीच जनसेवा का धर्म निभाने वाला समर्पित विपक्ष है, पूंजीपतियों की गुलामी नहीं,देश की परवाह है।' कांग्रेस महासचिव सुरजेवाला ने दावा किया, 'कांग्रेस है इसीलिए- बाबा साहब का संविधान है, स्वतंत्रता सेनानियों के सपने सच हैं, बापू के विचार और आदर्श जीवंत हैं, परमाणु शक्ति और तकनीकी क्रांति है, हमसे टकराने वाले पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए हैं, वैश्विक मंदी में भी भारत मजबूत रहा है,विपक्ष व असहमति की भी जगह रही है।' उन्होंने कहा, 'और जान लें, मोदी सरकार न होती तो - महा-महंगाई का बोझ न होता, 100 रुपये पार पेट्रोल-डीजल न होता, 200 रुपये पार खाने का तेल न होता, रुपये 1,000 पार गैस सिलेंडर न होता, 205 प्रतिशत रेल किराया न बढ़ा होता, जूते-चप्पलों पर 18 प्रतिशत टैक्स न लगा होता, लोगों का बजट लूटना सरकार का धर्म न होता।' सुरजेवाला ने दावा किया, 'मोदी सरकार न होती तो - बेतहाशा बेरोजगारी की मार न होती, बेरोजगारी दर 8 प्रतिशत पार न होती, विनिर्माण में 2.70 करोड़ नौकरी न जाती, लॉकडाउन में 12.20 करोड़ की नौकरी न जाती, केंद्र सरकार में 30 लाख पद खाली न होते, 'डेमोग्रैफिक डिवीडेंड डेमोग्रैफिक डिजास्टर' न बनता।' कांग्रेस प्रवक्ता अजय कुमार ने संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया, 'नेहरू जी का निधन 60 साल पहले हो गया था। लेकिन प्रधानमंत्री आज उन्हें बार-बार याद कर रहे हैं ताकि अपनी नाकामी छिपा सकें। प्रधानमंत्री मोदी इतने कमजोर हैं कि उन्हें नाकामी छिपाने के लिए भी देश के पहले प्रधानमंत्री के नाम का सहारा लेना पड़ रहा है।'

### पीएम मोदी के बयान पर केजरीवाल बोले- लोगों की पीड़ा पर राजनीति करना शोभा नहीं देता



**नई दिल्ली (एजेंसी)**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में दिए इस बयान को सोमवार को 'झूठ' करार दिया कि दिल्ली सरकार ने कोरोना वायरस महामारी के दौरान लोगों से राष्ट्रीय राजधानी छोड़कर जाने के लिए कहा था। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए मोदी ने दिल्ली सरकार पर माइक्रोफोन का इस्तेमाल करके रिहायशी इलाकों में जाकर लोगों से शहर को छोड़ने के लिए कहने का आरोप लगाया।

मोदी के लोकसभा में दिए भाषण की एक क्लिप टैग करते हुए केजरीवाल ने उनके बयान को 'सरासर झूठ' करार दिया। उन्होंने ट्वीट किया, 'प्रधानमंत्री का यह बयान सरासर झूठ है। देश उम्मीद करता है कि जिन लोगों ने कोरोना काल की पीड़ा को सहा, जिन लोगों ने अपनों को खोया, प्रधानमंत्री जी उनके प्रति संवेदनशील होंगे। लोगों की पीड़ा पर राजनीति करना प्रधानमंत्री जी को शोभा नहीं देता।

# यूपी में उनके भाई अखिलेश चुनाव लड़ रहे हैं, उन्हें सपोर्ट करना जरूरी : ममता

**लखनऊ। (एजेंसी)**

बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने मंगलवार को यूपी विधानसभा चुनाव 2022 के लिए प्रचार करने पहुंचीं। यहां ममता ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ साझा प्रेस कॉफ्रेंस कर बीजेपी पर जमकर हमला किया।उन्होंने कहा कि बीजेपी को वोट से पहले माफी मांगनी चाहिए। यहां कोरोना काल के दौरान मौत, किसान आंदोलन के दौरान हुई मौतों का जिक्र किया। ममता ने बताया कि अखिलेश ने बंगाल चुनाव के दौरान जया बच्चन, किरणमय नंदा को भेजकर टीएमसी के प्रचार में मदद की थी।ममता बनर्जी ने कहा कि एकजुट होकर सपा को वोट करें और बीजेपी को हराएं।ममता ने कहा कि मैं सांप्रदायिक राजनीति नहीं करती।

ममता ने कहा कि टीएमसी यूपी में चुनाव नहीं लड़ रही है।लेकिन अगर देश को बीजेपी से बचाना है,तब यूपी में जो उनके भाई अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे हैं,उन्हें सपोर्ट करना जरूरी है। यूपी, बिहार, राजस्थान, पंजाब के कई लोग बंगाल में रहते हैं। ममता ने कहा कि यूपी देश का सबसे बड़ा राज्य है,और अगर बीजेपी इस राज्य से गई,तब वह पूरे देश से गई। ममता ने 'ए मेरे वतन के लोगों गाकर लता मंगेशकर को याद किया।

ममता ने कहा कि बीजेपी नाम बदल रही है।अमर जवान ज्योति को नष्ट कर दिया गया।उन्होंने बीजेपी पर देश का नाश करने का आरोप लगाया।ममता ने कहा कि बीजेपी कानून से काम नहीं करती, बल्कि एनकाउंटर करती है।मैंने सुना है, कि आज हमारा कार्यक्रम है,इसकारण बीजेपी आज मैनिफेस्टो निकाल रही है। उन्नाव और हाथरस में क्या हुआ? गंगा माई की हम पूजा करते हैं, यूपी की गंगा में डेड बॉडी मिलीं।सब लाश गंगा मां में फेंक दी गईं।बंगाल तक आईं उन लाशों का वहां अंतिम संस्कार कराया गया था।

बीजेपी के घोषणापत्र का जिक्र कर ममता ने कहा कि मैंने सुना स्कूटी दे रहे हैं, अब तक दिया क्यों नहीं।मैंने 1 लाख से ज्यादा साइकिल बच्चों को दी।उन्होंने कहा कि जनता का रुपया आप ले जाते हो, 40 प्रतिशत राज्य को देकर बचा खुद रख लेते हो. यह सब जानता का रुपया है। ममता ने कहा कि कोरोना में कितने लोगों की मौत हुई, एनआरसी आंदोलन में कितने लोगों की मौत हुई,किसान आंदोलन में कितने लोगों की मौत हुई, उन सब के परिवारों को नौकरी मिलनी चाहिए।उन गरीबों को रेल में नौकरी दे दो. रेलवे में कई नौकरियां खाली हैं।

इस दौरान अखिलेश ने कहा कि मैं ममता बनर्जी को बधाई देता हूं जिन्होंने सांप्रदायिक ताकतों को हराने का काम किया। दीदी सोमवार को कोलकाता से उड़कर लखनऊ आ गई लेकिन दिल्ली वाले नहीं आ पाए कह दिया मौसम खराब है, सच में भाजपा वालों के लिए बीजेपी में मौसम खराब है।

# कांग्रेस के चारधाम, चार काम नारे पर पीएम मोदी ने कसा तंज, कहा- पार्टी ने केवल परिवार सेवा और तुष्टीकरण का काम किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस के चारधाम, चार काम नारे पर तंज कसते हुए कहा कि उसके चार काम परिवार सेवा, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परियोजनाओं को लटकाने के हैं। प्रदेश में आगामी 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में वर्चुअल प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड से लोगों के पलायन का ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ते हुए कहा कि जब दिल्ली और उत्तर प्रदेश में वर्षों तक इनकी (कांग्रेस) सरकारें रहीं तो इन्हें चारधामों की कभी याद नहीं आई। उन्होंने कहा, 'ये (कांग्रेस) सही कह रहे हैं कि इन्हें केवल चार काम आते हैं...पहला काम, जो भी करेंगे एक परिवार के हित के लिए करेंगे। दूसरा काम, जो भी करेंगे, उसमें भ्रष्टाचार होगा ही होगा। तीसरा काम, ये तुष्टीकरण की राजनीति करेंगे।'

मोदी ने कहा, 'इनका (कांग्रेस) चौथा काम देश को टुकड़ों में बांटने के षड्यंत्र का खेल खेलना, वोट बैंक के लिए योजनाओं में भेदभाव करना और परियोजनाओं को लंबे समय तक लटकाकर रखना है जिससे कि अपनी जेब भर सकें।' उन्होंने कहा कि दशकों तक दिल्ली



और उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकारें रहीं लेकिन तब इनके नेता यहां सैर सपाटे के लिए आते रहे लेकिन तब इन्हें न तो उत्तराखंड की याद आई और न ही इसके तीर्थ क्षेत्रों या चार धामों की याद आई। उन्होंने कहा, 'इतने सालों तक इन्हें केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की याद कभी नहीं आई।' प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को कभी समझ में नहीं आया कि आवागमन की सुविधा के अभाव में प्रदेश के लोगों को कितनी मुश्किल होती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से पूरे के पूरे परिवार पलायन कर गए, गांव के गांव खाली हो गए लेकिन कांग्रेस को उनका ध्यान नहीं आया। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 'डबल इंजन' की सरकार चार धामों को दिव्य और भव्य रूप प्रदान कर रही है और लोगों के लिए कनेक्टिविटी बढ़ा रही है। मोदी ने कहा कि पार्टी संगठन में रहते हुए और गुजरात का मुख्यमंत्री बनने से पहले से उनका उत्तराखंड की धरती से एक विशेष नाता रहा है। उन्होंने कहा, 'मैं आपके बीच में रहा हूं। आप मुझे अच्छी तरह जानते हैं, मैं आपको जानता हूं... तो आपका जब कोई यहां बैठा है तो आपके लिए जिएगा या नहीं। आपके लिए काम करेगा या नहीं।' प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा कि वे उत्तराखंड के विकास और उज्ज्वल भविष्य की राह में रोडे. अटकाने वालों को सत्ता सौंपने की गलती न करें और भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार को दोबारा वोट दें। कांग्रेस नेता हरीश रावत का नाम लिए बिना मोदी ने कहा कि जब वह केंद्र में रसूखदार मंत्री हुआ करते थे तब प्रदेश में सड़कें बनाने के लिए केंद्र से 2,800 करोड़ रुपये मिले जबकि पिछले सात साल के भाजपा सरकार के कार्यकाल में केंद्र से दस गुना ज्यादा यानी 33,000 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में संप्रग के 10 साल कार्यकाल में बनाई गईं 3,800 किलोमीटर सड़कों के मुकाबले पिछले सात साल में भाजपा सरकार के समय 13,500 किलोमीटर सड़कें बन चुकी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'चारधाम की याद इन्हें आज तब आ रही है जब डबल इंजन की सरकार चारधाम सड़कों के लिए 12,000 करोड़ रुपये दे चुकी है और 90 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा कर चुकी है।'

# कोविड के दौरान शिक्षा देने के लिए पीएम ई-विद्या योजना शुरू की गई : शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

महामारी कोरोना के समय शिक्षा को बच्चों तक पहुंचाने में सरकार सतत प्रयत्नशील रही। केंद्र सरकार ने बताया कि कोविड-19 महामारी के प्रसार के कारण ऐहतियातन स्कूल बंद होने की स्थिति को देखते हुए प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षा देने के लिए पीएम ई-विद्या योजना शुरू की गई तथा दीक्षा एवं निष्ठा कार्यक्रम के जरिये छात्रों से संपर्क स्थापित किया गया। लोकसभा को पीपी चौधरी, जगदम्बिका पाल, महेन्द्र सिंह सोलंकी, सुनील कुमार सिंह, बृजभूषण शरण सिंह, प्रताप चंद्र सारंगी, डा. सुभाष भामरे के प्रश्न के लिखित उत्तर में शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि महामारी के कारण छात्रों की पढ़ाई में व्यवधान को ध्यान में रखते हुए राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से चर्चा के बाद छात्रों तक पहुंच बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए बहुआयामी दृष्टिकोण के आधार पर योजना बनाई गई। उन्होंने कहा कि इसके तहत आत्मनिर्भर भारत अभियान के हिस्से के रूप में पीएम ई-विद्या नामक एक व्यापक पहल शुरू की गई है, जो शिक्षा के लिए बहुआयामी पहुंच सुगम बनाने के उद्देश्य से सरकार ने कहा कि समग्र शिक्षा की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत छठी से 12वीं कक्षा वाले सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में सूचना संचार प्रौद्योगिकी लैब (आईसीटी लैब) और स्मार्ट कक्षा स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि दीक्षा के तहत डिजिटल सामग्री के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत 2021-2022 में 10,778 स्कूलों में आईसीट लैब के लिए 1003.8 करोड़ रुपये, 42276 स्कूलों में स्मार्ट कक्षा के लिए 956.8 करोड़ रुपए और दीक्षा कार्यक्रम के लिए 10.98 करोड़ स्वीकृत किए गए। उन्होंने कहा कि दीक्षा (एक राष्ट्र, एक डिजिटल प्लेटफार्म) राज्यों/केंद्रशासित क्षेत्रों में स्कूल शिक्षा के लिए गुणवत्तापूर्ण ई-सामग्री उपलब्ध कराने हेतु देश का डिजिटल बुनियादी ढांचा है और इस पर सभी ग्रेड के लिए क्यूआर कोड युक्त पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध हैं।

शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि देश में 35 राज्य और केंद्रशासित क्षेत्र दीक्षा प्लेटफार्म पर शामिल हो गए हैं और स्थानीय आवश्यकता के अनुसार इसकी सामग्री को अवधारणात्मक बनाया गया है। सुभाष सरकार ने बताया कि जहां डिजिटल सुविधा (मोबाइल उपकरण/डीटीएच टेलीविजन) आदि उपलब्ध नहीं है, वहां शिक्षा मंत्रालय ने कई पहल की हैं । इनमें शिक्षार्थियों के आवास पर पाठ्य-पुस्तकें, वर्कशीट की आपूर्ति, 21वीं सदी के कौशल पर हैंडबुक और समुदाय/मोहल्ला कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक स्तर के लिए निष्ठा ऑनलाइन कार्यक्रम में 11 भाषाओं में 18 मॉड्यूल शामिल हैं, जहां पठन पाठन में आईसीटी का उपयोग होता है। इसी



तरह, माध्यमिक और प्राथमिक स्तर पर शिक्षकों के लिए निष्ठा 2.0 और निष्ठा 3.0 की शुरूआत की गई है।

# रितिक रोशन से शादी करना चाहती हैं ऐक्ट्रेस गायत्री भारद्वाज




## बोलीं- वह मेरे बचपन का क्रश हैं

सुजैन खान से अलग होने के बाद से रितिक रोशन सिंगल हैं और करियर के साथ-साथ बच्चों पर ध्यान दे रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से रितिक रोशन को ऐक्ट्रेस सबा आजाद के साथ देखा जा रहा है। दोनों को डिनर और लंच डेट से लेकर हैंगआउट करते हुए भी देखा गया। अब रितिक और सबा के बीच में क्या चल रहा है, यह तो फिलहाल पता नहीं। पर इसी बीच एक अन्य ऐक्ट्रेस और पूर्व मिस इंडिया यूनाइटेड कॉन्टिनेंट्स गायत्री भारद्वाज का दिल आ गया है।

गायत्री भारद्वाज ने रितिक रोशन से शादी करने की इच्छा जताई है और कहा है कि रितिक भी घर बसाने के लिए तैयार हैं। गायत्री भारद्वाज ने हमारे सहयोगी ईटाइम्स को दिए इंटरव्यू में रितिक को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने अपने ब्यूटी पेजेंट से लेकर फिल्मों में एंट्री तक के सफर के बारे में मजेदार बातें बताईं।

गायत्री भारद्वाज से सवाल पूछा गया था कि वह किसी एक ऐक्टर का नाम बताएं जिन्हें वह डेट करना चाहेंगी और शादी करना चाहेंगी। इसके जवाब में गायत्री ने कहा, मैं सिद्धांत चतुर्वेदी को डेट करना चाहूंगी। मुझे मालूम नहीं कि वह सिंगल हैं या नहीं। मैं रितिक रोशन से शादी करना चाहूंगी। मेरे ख्याल से वह भी सेटल होने के लिए तैयार हैं।

# कंगना रनौत को दी मनोज तिवारी ने ये सलाह, बोले- 'हमारे देश की संस्कृति ये नहीं'



अभिनेत्री कंगना रनौत अपने बेबाक बयानों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। अपने बयानों की वजह से वे कई बार मुश्किलों मे फंस चुकी हैं। बीते साल उनपर करीब 100 से ज्यादा एफआईआर दर्ज हुए लेकिन कंगना अपने विचार रखे बिना पीछे नहीं हटती हैं। कंगना की इसी बेबाकी पर भाजपा नेता और गायक मनोज तिवारी ने सलाह दी है।

भाजपा नेता मनोज तिवारी ने कहा कि 'एक कलाकार के तौर पर भाषा की मर्यादा होनी चाहिए। एक कलाकार का अपना धर्म होता है। अगर राजनीति में आ जाएं तो बात अलग है। अपने विचारों को इतना बेबाक नहीं रखना चाहिए कि सीधे किसी पर वार करें।

वे आगे कहते हैं, सुशांत के बारे में उन्होंने जो बातें कीं वह समझ आती थी लेकिन महाराष्ट्र सरकार के प्रति उनका जो रवैया था वह काफी हार्ड था। वह ठीक नहीं था। मर्यादा का पालन करना चाहिए। अपनी बात कहिए लेकिन किसी का अनादर से नाम लेना हमारे देश की संस्कृति में नहीं है।'

मनोज तिवारी ने आगे कहा, अगर कोई मुख्यमंत्री के पद पर है उसे सम्मान देना आवश्यक है, उसके पद की गरिमा है। कोई प्रधानमंत्री के पद पर है उनके साथ भी ऐसा है। विरोध करिए लेकिन भाषा मर्यादित होनी चाहिए। कंगना भाषा में मर्यादा में खो देती हैं। कंगना का इस पर फिलहाल कोई बयान नहीं आया है।

वर्क की बात करें तो कंगना जल्द ही एकता कपूर के शो 'लॉक अप' को होस्ट करने वाली हैं। वहीं उनकी फिल्में 'धाकड़' और 'तेजस' भी जल्द ही रिलीज होने वाली हैं।



# अनुपम खेर की मां दुलारी ने किया लता मंगेशकर को याद

अभिनेता अनुपम खेर अक्सर अपनी मां दुलारी देवी का वीडियो और किस्से शेयर करते हैं। एक बार फिर मां दुलारी संग बातचीत को फैंस के साथ शेयर किया है। अनुपम खेर और दुलारी देवी इस वीडियो में स्वर कोकिला लता मंगेशकर को याद कर रहे हैं। अनुपम खेर ने इस वीडियो को पोस्ट करते हुए कहा, मेरी मां दुलारी का कहना है कि लता जी जैसा गायक ना कोई था और ना कोई होगाज मां बाप तो प्यार करते ही है। दुनिया प्यार करनी चाहिए।

वीडियो में दुलारी कहती हैं कि, %जिंदगी क्या है, कुछ नहीं पता। लता मंगेशकर के अंतिम दर्शन करने के लिए दुनिया उमड़ी थीं।
पिछले काफी समय से वह कमजोरी की वजह से गा नहीं पा रही थीं। हम रेडियो पर लता जी के गाने सुना करते थे। लता जी जैसा कोई सिंगर आजतक नहीं आया है। लता जी लोगों से भी बहुत प्यार करती थीं। हर इंसान को जिंदगी में अच्छे काम करने चाहिए।

दुलारी देवी की इन बातों को सुन फैंस का रिएक्शन भी सामने आया। एक यूजर ने लिखा, %बहुत बड़ी बात कह दी दुलारी जी ने, मां दुआएं ही देती हैं। लोगों को दुआएं मिलनी चाहिए काम अच्छे करने चाहिए। वहीं एक अन्य
यूजर ने लिखा, दुलारी जी ने ठीक ही कहा, जब आप अच्छा काम करते हैं तो सभी आपके लिए दुआए करते हैं।

बता दें 6 फरवरी को स्वर कोकिला ने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांसे ली। उनके अंतिम दर्शन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी भी पहुंचे। वहीं बॉलिवुड व संगीत जगत की तमाम हस्तियां भी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। आमिर खान, शाहरुख खान, अनुपम खेर, श्रद्धा कपूर से लेकर भाग्यश्री समेत तमाम स्टार्स लता मंगेशकर को अंतिम विदाई देने पहुंचे थे।




# करिश्मा कपूर की फिल्म जुड़वा के प्रदर्शन के 25 साल पूरे हुये

बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर की सुपरहिट फिल्म जुड़वा के प्रदर्शन के 25 साल पूरे हो गये हैं। करिश्मा कपूर की फिल्म जुड़वा के प्रदर्शन के 25 साल पूरे हो गये हैं। करिश्मा ने फिल्म जुड़वा के 25 साल पूरे होने पर खुशी जाहिर की है। करिश्मा ने खुशी जाहिर करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म जुड़वा की क्लिप शेयर की है, जिसमें फिल्म के चुनिंदा सीन्स को दिखाया गया है। करिश्मा ने इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर कैप्शन लिखा, जुड़वा प्यार, मजाक और रोमांच से भरा सफर था, विश्वास नहीं हो रहा है कि 25 साल हो गए हैं। गौरतलब है कि डेविड धवन के निर्देशन में बनी फिल्म जुड़वा में सलमान खान,करिश्मा कपूर, रंभा, कादर खान, शक्ति कपूर, और अनुपम खेर की अहम भूमिका थी।

# सोनू सूद फिर बने मसीहा.. कार एक्सीडेंट के घायल को गोद में उठाकर पहुंचाया अस्पताल.. जमकर हो रही तारीफ

कोरोना काल में गरीबों के लिए मसीहा बने सोनू सूद ने एक बार फिर इंसानियत की मिसाल पेश की है। सोनू ने सड़क हादसे में घायल एक शख्स की जान बचाकर लोगों के सामने मिसाल पेश की है।

पंजाब के मोगा शहर में कोटकपूरा बाईपास के पास एक सड़क हादसा हो गया। सड़क हादसे में एक व्यक्ति कार हादसे का शिकार हो गया। इसी दौरान सोनू सूद वहां से गुजर रहे थे। जब उन्होंने हादसे को देखा तो वह व्यक्ति की मदद करने के लिए पहुंच गए। खुद सोनू सूद ने दो गाड़ियों में हुए एक्सिडेंट के बाद कार के भीतर फंसे घायल व्यक्ति को बाहर निकाला और उसे



अस्पताल पहुंचाया, जहां व्यक्ति को समय रहते इलाज मिल पाया।

खुद गोद में उठाकर पहुंचाया अस्पताल रिपोर्ट के अनुसार यह घटना मंगलवार देर रात की है। यह घटना मोगा के कोटकपूरा बाईपास की है, जहां पर दो गाड़ियों का एक्सिडेंट हो गया था।

सोनू सूद ने अपनी टीम के सदस्यों के साथ घायल व्यक्ति को कार से निकालकर उसे अनपी गोद में उठाकर अस्पताल पहुंचाया और उसका इलाज करवाया। फिलहाल घायल व्यक्ति अब खतरे से बाहर है और उसे बेहतर इलाज मिल रहा है। हर संभव मदद की कोशिश जिस तरह से सोनू सूद ने घायल व्यक्ति की सड़क चलते मदद की उसके बाद उनकी काफी तारीफ हो रही है।

# पवनदीप राजन ने बहन की शादी में किया परफॉर्म, अरुणिता कांजीलाल ने लगाए चार चांद

इंडियन आइडल 12 के विनर रहे पवनदीप राजन की बहन की हाल ही शादी थी, जिसमें उनके परिवार के लोग और दोस्त शामिल हुए। पवनदीप राजन उत्तराखंड के चंपावत के रहने वाले हैं। इस शादी में पवनदीप की दोस्त और इंडियन आइडल 12 की फर्स्ट रनर-अप रहीं अरुणिता कांजीलाल भी शामिल हुईं। शादी के दौरान अरुणिता ने पवनदीप के परिवार के साथ सारी रस्मों में हिस्सा लिया। वह पूरे वक्त दुल्हन बनीं पवनदीप की बहन के साथ ही रहीं।



सोशल मीडिया पर पवनदीप राजन और अरुणिता कांजीलाल की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जो वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में अरुणिता, पवनदीप के परिवार के साथ इंजॉय करती नजर आ रही हैं। फैंस भी अपनी फेवरिट जोड़ी अरुदीप को साथ देख ऐक्साइटेड हो गए हैं। पवनदीप राजन ने बहन की शादी में परफॉर्म भी किया। शादी के दौरान पवनदीप फूलों की चादर के नीचे बहन को स्टेज पर लेकर गए। इस दौरान अरुणिता भी साथ में थीं। 2 महीने पहले अरुणिता उस वक्त चर्चा में आईं, जब उन्होंने पवनदीप राजन के एक म्यूजिक वीडियो को बीच में ही छोड़ दिया था। उस म्यूजिक वीडियो को उन्होंने रिकॉर्ड भी किया था। फैंस को इससे बड़ा झटका लगा था क्योंकि वो न सिर्फ इस जोड़ी के फैंस रहे, बल्कि इंडियन आइडल 12 में इनकी केमिस्ट्री को खूब पसंद किया गया था।

पवनदीप और अरुणिता को म्यूजिक डायरेक्टर राज सुरानी के म्यूजिक वीडियो सीरीज में साइन किया गया था, लेकिन अरुणिता ने यह सीरीज बीच में छोड़ दी। हमारे सहयोगी ईटाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अरुणिता की मां पवनदीप संग बेटी के लिंकअप की खबरों से खुश नहीं थीं। बताया गया कि अरुणिता के पैरंट्स को शुरुआत से ही पवनदीप से प्रॉब्लम थी। कहा गया कि पैरंट्स के दबाव के कारण अरुणिता ने पवनदीप का म्यूजिक वीडियो छोड़ा। कयास लगाए जाने लगे कि पवनदीप और अरुणिता की दोस्ती भी खत्म हो गई है। लेकिन अरुणिता को पवनदीप की बहन की शादी में देख उन अटकलों को भी विराम लग गया।

## बिग बॉस तेलुगु फेम सरयु रॉय को हैदराबाद पुलिस ने किया गिरफ्तार, हिंदू भावनाओं को आहत करने का आरोप

बिग बॉस तेलुगु की एक्स कंटेस्टेंट सरयु रॉय को हिंदू भावनाएं भड़काने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।



हैदराबाद पुलिस ने उन्हें उनके तीन साथियों के साथ अरेस्ट कर लिया है। विश्व हिंदू परिषद का आरोप है कि सरयु ने पिछले साल रिलीज हुई शॉर्ट फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने हिंदू भगवान का अपमान किया था। वीएचपी के जिला अध्यक्ष चपुरी अशोक सिरसिला की तरफ से सरयु के खिलाफ शिकायत की गई थी। बताया गया था कि सरयु और उनके साथी कलाकारों द्वारा हिंदू समुदाय और महिलाओं को नीचा दिखाया गया था। इस शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज हुई थी और अब गिरफ्तारी।

दरअसल, सरयु पहले तेलुगु बिग बॉस सीजन 4 में नजर आई थीं। यहां उन्होंने नेम-फेम हासिल किया था। हालांकि वह टीवी में काम कर चुकी हैं और अपने में एक बड़ा नाम हैं। तेलुगु के पर्चम, गंगवार जैसे शोज में उन्होंने काम किया है और लोगों ने उन्हें खूब पसंद भी किया है। अभी वह यूट्यूब पर वीडियो पोस्ट करती हैं। 7आर्ट्स के नाम से उनका एक यूट्यूब चैनल है, जिस पर वह कंटेंट क्रिएट करने काम करती हैं। इनके इस चैनल पर 1.3 मिलियन सब्सक्राइबर्स हैं।

# दंगल टीवी के 'मन सुंदर' में बड़ा ट्विस्ट



दंगल टीवी के खूबसूरत सीरियल मन सुंदर की कहानी में रोज़ नए नए मोड़ आते जा रहे है। अब इस शो में एक और बड़ा ट्विस्ट आने जा रहा है। रुचिता खाई में गिर गई है और निहार उसे तलाश करने, उसे बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगाने जा रहा है। एक्शन, इमोशन और रोमांच से भरपूर इस सीक्वेंस की शूटिंग मुम्बई के फ़िल्म सिटी स्टूडियो में की गई, जहां तपती धूप में कलाकारों ने अपने पसीने बहाए।

शो में निहार का रोल कर रहे शिवम खजुरिया ने कहा कि आज का सीन मेरे लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि मैं रुचिता को बचा रह हूं। वह खाई में गिर गई है। सुनहरी ने उसे किडनैप कर लिया था। इस सीक्वेंस में निहार गोयल का असली रूप दर्शकों को दिखेगा। यह एक्शन और इमोशन से भरपूर सीन है। बाइक और गाड़ी का चेज़ सीन है। दर्शकों के लिए काफी ट्विस्ट और टर्न आने वाला है। रुचिता खाई में गिर कर मर गई है या जिंदा है, सुनहरी का क्या होगा। यह काफी मुश्किल सीन था। रुचिता रुचिता चिल्लाने से मेरी आवाज बैठ गई है। हाथ मे चोट लग गई, पैंट फट गया है। चैलेंजिंग तो काफी था यह सीक्वेंस लेकिन मजा भी खूब आया क्योंकि अब तक मैने रोमांटिक सीन किए थे, लेकिन यह एक्शन और ड्रामा से भरपूर सीन काफी एक्साइटेड करने वाला है।

# काजल अग्रवाल ने प्रेग्नेंट लुक पर कमेंट करने वाले बॉडी शेमर्स को दिया करारा जबाव



अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने एक लंबी पोस्ट लिखी है, जिसमें उन बॉडी शेमर्स की आलोचना की गई है, जिन्होंने उनके गर्भवती लुक पर टिप्पणी की थी।

काजल अग्रवाल की बेबी बंप वाली तस्वीरें सामने आई थीं तो इंटरनेट पर कुछ लोगों ने उनके लुक्स पर कमेंट करना शुरू कर दिया था। कुछ मीम्स थे, जो सोशल मीडिया साइट्स पर फैले हुए थे, जो उनके नॉट-ग्लैमरस लुक्स का मजाक उड़ा रहे थे। बॉडी शेमर्स को सबक सिखाते हुए काजल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट लिखा है। काजल अग्रवाल की पोस्ट में लिखा है, मैं अपने जीवन, अपने शरीर, अपने घर और सबसे महत्वपूर्ण रूप से अपने कार्यस्थल में सबसे आश्चर्यजनक नए विकास से निपट रही हूं। इसके अतिरिक्त, कुछ टिप्पणियां/बॉडी शेमिंग संदेश/मेम्स मेरे लिए महत्वपूर्ण नहीं है। आइए दयालु होना सीखें और यदि यह बहुत कठिन है, तो बस जियो और जीने दो। आगे बढ़ते हुए, काजल ने बताया कि यह कोई अजीब बात नहीं है कि गर्भावस्था के दौरान शरीर में शारीरिक परिवर्तन होते हैं।

हार्मोनल परिवर्तन के कारण हमारा पेट और स्तन बड़े हो जाते हैं जैसे-जैसे बच्चा बढ़ता है और हमारा शरीर ब्रेस्ट फीडिंग की तैयारी करता है। हम सामान्य से अधिक थके हुए भी हो सकते हैं और मिजाज अधिक बार खराब हो सकता है।

इसके अलावा, जन्म देने के बाद, हम पहले की तरह वापस आने के लिए कुछ समय ले सकते हैं, या गर्भावस्था से पहले जिस तरह से हम दिखते थे, पूरी तरह से वापस नहीं आ सकते हैं। और यह ठीक है

एक उच्च नोट पर समाप्त करते हुए, काजल कहती हैं कि गर्भावस्था के दौरान होने वाले परिवर्तनों के लिए असामान्य महसूस करने की आवश्यकता नहीं है।

## बलिदानी संतोष पाल के स्मारक पर हवन पूजन में शामिल हुए मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर

संवाददाता

लखनऊ। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कानपुर प्रांत के संगठन मंत्री मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर ने बलिदानी संतोष पाल के स्मारक पर जाकर हवन पूजन किया बलिदानी संतोष पाल के गांव पाल नगर में भारी संख्या में लोग हवन पूजन में शामिल हुए। शहीद के पिता डॉक्टर सी एल पाल सूबेदार प्रमोद सिंह बघेल हवलदार शिवमंगल सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक के अलावा मातृ शक्ति ने हिस्सा लिया सभी को लोकतंत्र में मतदान करने का अनुरोध किया। कन्नौज के ग्राम अलीनगर में आयोजित श्रीमद् भागवत में शामिल होकर मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर ने अपने साथियों के साथ कथा सुनी तथा गागे मऊ , पकारा, उमराई पुरवा सहित तमाम गांवों में जाकर भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए शत प्रतिशत मतदान करने का अनुरोध किया।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व लोकसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे योगेश शुक्ला भाजपा में शामिल

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय पर मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व लोकसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे योगेश शुक्ला ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की ।पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला के समक्ष योगेश शुक्ला ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। ज्ञात हो कि योगेश शुक्ला प्रयागराज के कद्दावर नेता हैं और उनका मिर्जापुर से प्रयागराज तक बड़ा प्रभाव है।

## भाजपा प्रत्याशी ने मो0 आवेश की टीम के साथ पारा गांव में किया जनसंपर्क

लखनऊ। लखनऊ बक्शी का तालाब 169 विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भाजपा प्रत्याशी योगेश शुक्ला चिनहट के पारा गांव में जनसंपर्क करते हुये विकास के नाम पर लोगों से वोट मांगे व उसी दौरान मोहम्मद आवेश अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी योगेश शुक्ला का मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र के गांव पारा में भव्य स्वागत किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए श्री शुक्ला ने सभी से वोट मांगे एवं योगी और मोदी की तारीफ करते हुये कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनेगी। वहीं साथ में मोहम्मद आवेश पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ योगेश शुक्ला के समर्थन में वोट मांगे व लोगों से योगी सरकार बनाने की अपील की तथा पारा गांव के एक एक घर जनसंपर्क किया। इस मौके पर योगेश शुक्ला के साथ में मो0 आवेश पूर्व जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा, मो0 रफीक, मो0 सफीक, मो0 इमलाक, मो0 मतीन, नजमुल हसन, मो0 एहलाम, चांद मियां, सऊद मियां, मो0 सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## सपा कार्यकर्ताओं ने गोमती यादव को लड्डुओं तौलकर किया स्वागत

संवाददाता

बक्शी का तालाब लखनऊ। लखनऊ की बक्शी का तालाब विधानसभा 169 क्षेत्र के अंतर्गत सपा प्रत्याशी गोमती यादव ने जन संपर्क करते हुये वोट मांगे हैं। बता दें कि समाजवादी पार्टी बीकेटी प्रत्याशी गोमती यादव अपने कार्यकर्ताओं के साथ खरहरा, टेरा ,सराय, शेख गांव में जनसंपर्क के दौरान जनसमर्थन सहयोग की अपील की तथा वहीं सालारगंज मोड़ पर सपा कार्यकर्ताओ द्वारा गोमती यादव को लड्डुओं से तौल कर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं श्री यादव के साथ सपा कार्यकर्ताओं ने शिवपुरी सहित कई गांवों में जनसंपर्क किया व सपा की सरकार बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

## स्माइल ट्रेन की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और एशिया की क्षेत्रीय

### आई फाइनेंस ने उत्तर प्रदेश में अपना दायरा बढ़ाया

लखनऊ। कम सेवा वाले एमएसएमई सेक्टेर में भारत के अग्रणी लेंडर आई फाइनेंस ने एक प्रमुख घटनाक्रम में उत्तार प्रदेश में अपनी उपस्थिति का विस्त्र किया है। कंपनी ने राज्ये में नागराम, दादरी, अकबरपुर आदि स्थातनों पर 9 नई शाखाएं खोली हैं। भारत में माइक्रो और छोटे पैमाने के एंटरप्राइज फाइनेंसिंग को बदलने की दृष्टि से स्थापित, आई फाइनेंस ने नवंबर 2021 में टियर 2 और उससे छोटे शहरों में 1,000 से अधिक कर्मचारियों को नियुक्त किया है, जिससे इनकी संख्या बढ़कर 4,600 हो गई है। आई का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिसने चालू वित्त वर्ष में 20 राज्यों में 311 केंद्रों तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए 100 नए केंद्र खोले हैं। आई एकमात्र व्यापक रूप से विस्तृत और अखिल भारतीय मौजूदगी वाली कंपनी है, जो ऋृण की बड़ी कमी का सामना कर रहे माइक्रो-एंटरप्राइज सेगमेंट को असुरक्षित छोटे आकार के बिजनेस लोन प्रदान करता है। आई ने अपने अद्विातीय क्लस्टर-आधारित क्रेडिट मूल्यांकन दृष्टिकोण और बेहतर डिजिटलीकृत फिजिटल मॉडल के साथ इस मुश्किल से लोन मिलने वाले सेगमेंट को सरलीकृत किया है। इस मामले पर आई फाइनेंस के डिप्टी सीईओ समीर मेहता ने कहा, भारत के एमएसएमई निर्विवाद रूप से अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। हालांकि, उन्हें ऋृण की निरंतर आमद की आवश्यकता होती है और जब वित्तीय सेवाओं की बात आती है तो दुर्भाग्य से यह वंचित समूह में आते हैं। हम 2014 से उत्तयर प्रदेश में जमीनी स्तर के व्यवसायों की ऋृण आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे हैं और नए शहरों में वर्तमान विस्तार के साथ, हम उनमें से एक बड़ी संख्या को संगठित ऋृण के दायरे में लाएंगे, जो हमें राष्ट्रव्यापी वित्तीय समावेशन के हमारे लक्ष्य के करीब पहुंचने में मदद करेगा। आई फाइनेंस अपनी गैर-लाभकारी शाखा फ`म (फाउंडेशन फॉर एडवांसमेंट ऑफ माइक्रो एंटरप्राइजेज) के माध्यम से सूक्ष्म उद्यमों को ष्वित्त पोषण से परेष् सहायता भी प्रदान करता है और नए युग के भारत की ओर उनकी यात्रा में एक मजबूत भागीदार बनने में सफल रहा है।

## एमेजॉन ने प्रोपेल स्टार्टअप एक्सलरेटर का सीजन 2 लॉन्च किया

कानपुर। आज एमेजॉन इंडिया ने ग्लोबल सेलिंग प्रॉपेल स्टार्टअप एक्सलरेटर के दूसरे सीजन के लॉन्च की घोषणा की। यह अभियान उभरते हुए भारतीय ब्रांड एवं स्टार्टअप्स को पूरी दुनिया में ग्राहकों तक पहुंचने के लिए समर्पित सहयोग देने के लिए डिजाईन किया गया है। स्टार्टअप एक्सलरेटर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स स्पेस में शुरुआती चरण स्टार्टअप्स को सहयोग करने के लिए डिजाईन किया गया है, ताकि वो एमेजॉन ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम की मदद से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रवेश कर भारत के ग्लोबल ब्रांड्स का निर्माण कर सकें। इसमें भाग लेने वाले स्टार्टअप्स को एमेजॉन से 100,000 डॉलर की पूर्णत: ईक्विटी-फ्री ग्रांट जीतने का मौका मिलेगा तथा उन्हें 10,000 डॉलर मूल्य के मुफ्त एडब्लूएस क्रेडिट मिलेंगे। यह प्रोग्राम स्टार्टअप्स को पार्टनर वीसी फर्म्स- एक्सेल, डीएसजी कंज्यूमर पार्टनर्स, फायरसाईड वेंचर्स एवं सिकोइयाकैपिटल इंडिया को अपने व्यवसायिक प्रस्तावों का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करेगा। लोकप्रिय बॉलिवुड अभिनेता एवं एंजेल निवेशक, कुणाल कपूर इस प्रोग्राम में मेंटर के रूप में शामिल हो गए हैं

## बसपा प्रत्याशी ने गौरी बाजार, बंथरा होते हुए भटगांव, लतीफ नगर, हरौनी आदि दर्जनों गांव का तूफानी दौरा किया

प्रफुल्ल कुमार राय



लखनऊ। विधानसभा क्षेत्र सरोजनी नगर के बहुजन समाज पार्टी के विधायक प्रत्याशी जलीस खान ने बामसेफ सदस्य एवं वरिष्ठ बसपा नेता श्रद्धेय कालीचरन के निधन की सूचना पाकर बंगला बाजार स्थित उनके आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

तत्पश्चात राजेंद्र गौतम मुख्य सेक्टर प्रभारी लखनऊ मंडल, मनोज कुमार पटेल, संतोष कुमार वर्मा, सईद अहमद पूर्व प्रधान, देशराज रावत पूर्व प्रधान, डीके त्रिपाठी, अजय रावत, नीलम चौधरी, रचना कुरील, बेगम अनवरी, विद्या गौतम, विमला बहादुर पूर्व प्रधान, एडवोकेट राजा बॉक्स, विनोद रावत, सनी यादव, हंसराज वर्मा आदि गणमान्य नेताओं के साथ अंबेडकर विश्वविद्यालय पहुंचे। अंबेडकर विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए जलीस खान ने कहा कि अन्य दलों के नेता एक दूसरे की गर्मी और चर्बी निकालने की बात कर रहे हैं।

हमारी नेता बसपा सुप्रीमो पूर्व यशस्वी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बहन मायावती नौजवानों के लिए सरकार बनते ही बैकलांग भर्तियां निकाल कर लाखों बेरोजगारों को सरकारी नौकरियां देने का काम करेंगी। बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए सावित्रीबाई फुले शिक्षा मदद योजना पुन: चालू करने का काम करेंगी। एससी, एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग को जनसंख्या के अनुपात में हर क्षेत्र में भागीदारी देने का काम करेंगी। जब जब बहन कु. मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी है तो सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की थीम पर सरकार ने काम किया है। बहन मायावती के पूर्ववर्ती शासन में भयमुक्त, अपराध मुक्त, न्याय युक्त शासनकाल हम सभी देख चुके हैं। चुनाव आयोग की गाइडलाइन और कोरोना के प्रोटोकॉल का पूरा पालन करते हुए बसपा प्रत्याशी गौरी बाजार, बंथरा होते हुए भटगांव, लतीफ नगर, हरौनी आदि दर्जनों गांव का तूफानी दौरा किया जिससे विपक्षी दलों के प्रत्याशियों में खलबली मची हुई है। बताते चलें बसपा प्रत्याशी ही मात्र एक ऐसे प्रत्याशी हैं जो विधानसभा सरोजनी नगर के स्थानीय निवासी है। स्थानीय प्रत्याशी होने के कारण जलीस खान को सभी वर्गों का जन समर्थन मिल रहा है।

## राष्ट्रीय स्तर पर कटे होंठ और तालू के लिए जागरूकता अभियान शुरू

लखनऊ। देश के सबसे बड़े क्लेफ्ट केयर एनजीओ स्माइल ट्रेन इंडिया ने राष्ट्रीय क्लेफ्ट दिवस के सम्मान में अपने राष्ट्रव्यापी 'जोर से बोलो' अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की है।

अभियान का उद्देश्य कटे होंठ औरध्या तालू वाले व्यक्तियों के लिए जागरूकता बढ़ाना और समुदायों को यह बताना है कि सुरक्षित और सुलभ शल्य चिकित्सा देखभाल के माध्यम से क्लेफ्ट का इलाज किया जा सकता है। अभियान का उद्देश्य बच्चों के लिए व्यापक क्लेफ्ट केयर के संबंध में कई प्रासंगिक तथ्यों को संप्रेषित करने में सेलिब्रिटी समर्थकों, चिकित्सा भागीदारों, दाताओं और फांक रोगियों से सभी प्रासंगिक हितधारकों के साथ सहयोग करना है। भारत में हर साल 35000 से अधिक बच्चे कटे होंठ औरतालु के साथ पैदा होते हैं। जबकि होंठ की सर्जरी के लिए आदर्श उम्र 3-6 महीने है और जन्म के 9-18 महीने बाद तालू की सर्जरी होती है, इससे जुडी शर्म और इस उपचार योग्य जन्म अंतर के बारे में जागरूकता की कमी बच्चों को एक अनुपचारित क्लेफ्ट के साथ रहने के लिए मजबूर करती है।

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद के प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश बने अमित कुमार शुक्ला

संवाददाता

लखनऊ। हिन्दू देव प्रकाश शुक्ला संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद ने हिंदू अमित कुमार शुक्ला को उत्तर प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि श्री शुक्ला तन मन से पूरे विश्व में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे।

श्री शुक्ल के मनोनयन पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद हिंदू देव प्रकाश शुक्ला, राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला, राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश मिश्रा, राष्ट्रीय शासन प्रभारी श्यामानंद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुलकित आनंद, राष्ट्रीय प्रभारी अजय गोस्वामी, हिंदू पंडित हृदेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ राष्ट्रीय



सलाहकार बलराम सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष लीगल सेल एच एन मिश्रा राष्ट्रीय सचिव राजन मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक राष्ट्रीय राष्ट्रीय सचिव संस्कृति प्रकोष्ठ मनोज पाठक हिन्दू अनुराग तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिन्दू प्रशांत नीलकंठ अंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विकलांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रोशनी शुक्ला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपिका मिश्रा उत्तर प्रदेश प्रभारी दीपिका वर्मा सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया। सभी लोगों ने आशा व्यक्त की कि श्री शुक्ला संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## बड़े घल्लूघारे (बड़े नरसंहार) में हुए शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये

रवि शंकर तिवारी

लखनऊ। श्री गुरु सिंह सभा, ऐतिहासिक गुरूद्वारा नाका हिण्डोला, लखनऊ में बड़े घल्लूघारे (बड़ा नरसंहार) में हुए शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर प्रात: का दीवान श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ से आरम्भ हुआ उसके उपरान्त हजूरी रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने आसा की वार का शबद कीर्तन गायन कर समूह संगत को निहाल किया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने बड़े घल्लूघारे (बड़े नरसंहार) में हुए शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बताया किबड़ा घललूघारा 9 फरवरी को 1762 को कुपरहिरा से लगभग 12 किमी के उत्तर में स्थित मलेरकोटला पंजाब में अहमद शाह दुर्रानी को अपने मुखबिर की सूचना मिलने पर सिक्खी को तबाह करने और



हमला करने के लिए आया था। उस समय सिंह 40000 जिसमें 10000 महिलाएं और बच्चे और बुजुर्ग लोक शामिल थे। सिंह अपनी महिलाओं को सुरक्षा के लिए बीकानेर ले जाना चाहते थे। अहमद शाह ने अगले दिन उन्हें पूरी तरह से मारने का इरादा किया। भीखन खान मालेरकोटला के जैन खान ने 9 फरवरी 1762 को 20000 लोगों और तोपों के साथ हमला किया। अब्दाली भी 30000 लोगों के साथ हमले में शामिल हुआ। सरदार जस्सा सिंह और चरत सिंह ने अपनी महिलाओं को घेरने का आदेश दिया और युद्ध की रणनीति के रूप में बरनाला की ओर आगे बढ़ते रहे। सिंहों का एक मात्र उद्देश्य अपनी महिलाओं को किसी तरह से बचाना था और दुश्मन से लड़ना था ताकि उनका अधिकतम नुकसान हो सके। इस प्रक्रिया में सिंह भारी पड़ गये थे। इस संहार में लगभग 25000 से 30000 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। 19 लोगों के साथ सरदार छत्र सिंह को मार दिया गया था। लेकिन सिंहो ने इस नरसंहार के बाद भी कभी मनोबल नहीं खोया। 1762 के दौरान एक बार फिर लाहौर को घेरने में सक्षम हो गए। दल के रक्षक सरदार जस्सा सिंह अहलूवालिया कई मौकों पर शाह की टुकड़ियों ने घेरा तोड़ दिया और असहाय असंतुष्टों को मौत के घाट उतार दिया। सिखों के जीवन के नुकसान का अनुमान 20,000 से 50,000 तक हुआ यह सिखों के लिए एक गंभीर झटका था लेकिन उनका मनोबल फिर भी कम न हुआ। दीवान की समाप्ति के उपरान्त लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्शक कमेटी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने घल्लूघारे में हुए शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। तत्प्श्चात श्रद्धालुओं में चाय का लंगर वितरित किया गया।

## भाजपा छोड़कर थामा सपा का दामन



कानपुर, चुनावी बिगुल बज चुका है सभी सियासी पार्टियां सतर्क हो चुकी है वोट मतदान के कुछ शेष दिन बचे हैं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के भाषण से युवाओं में जोश दिख रहा है ऐसा ही कुछ नजारा गोविंद नगर प्रत्याशी सम्राट विकास यादव के केंद्र कार्यालय में देखने को मिला भाजपा छोड़कर शिवा उपाध्याय प्रतीक त्रिपाठी हर्ष चतुर्वेदी सपा में शामिल हो गए। गोविंद नगर प्रत्याशी सम्राट विकास यादव ने कहा कि अखिलेश यादव युवा हैं युवाओं की सोच जानते हैं युवाओं को बेहतर कल देने का प्रयास कर रहे हैं युवा भी इस बात को समझ रहे हैं मेरा भविष्य क्या है भाजपा छोड़कर कार्यकर्ता पदाधिकारी ने सपा का दामन थाम लिया है।

## इरफान सोलंकी के जनसंपर्क में उमड़ा जनसैलाब



कानपुर- सीसामऊ से सपा प्रत्याशी हाजी इरफान सोलंकी ने जनसंपर्क कर जन समर्थन जुटाया।सपा कार्यकर्ता अमित मिश्रा के नेतृत्व में सपा प्रत्याशी हाजी इरफान सोलंकी का जनसंपर्क कार्यक्रम रायपुरवा,भन्नाना पुरवा, रायपुरवा कॉलोनी, चिरंजीलाल का हाता होते हुए पूर्व पार्षद भोला जयसवाल वाली गली में पहुंचा।इरफान सोलंकी जिस क्षेत्र से गुजरे वहां की क्षेत्रीय जनता उनके साथ जुड़ती गई जिससे इरफान सोलंकी के काफिला में जन सैलाब उमड़ पड़ा।पूर्व पार्षद भोला जयसवाल वाली गली में इरफान सोलंकी का भव्य स्वागत किया गया जिसमें सैकड़ों लोग मौजूद रहे। जनसम्पर्क कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामनाथ अवस्थी,राकेश जयसवाल, जागेश्वर प्रसाद,बिरजू कनौजिया,आफताब,शिवम सागर,अजीम,कृष्णा नान्हेंक आदि लोग मौजूद रहे।

## भाजपा पश्चिम विधानसभा प्रत्याशी अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने घर-घर किया जनसंपर्क

लखनऊ। भाजपा पश्चिम विधानसभा प्रत्याशी अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने प्रात:8रू00 सहादतगंज वार्ड में अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया के नेतृत्व में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा ने लोगों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट डालने की अपील की उन्होंने मातादीन रोड पर डोर टू डोर लोगों से संपर्क किया व अंजनी श्रीवास्तव को भारी मतों से जिताने के लिए कहा। तदोपरांत भवानी गंज वार्ड के लोधपुरवा ,गणेशपुरी कॉलोनी में जनसंपर्क किया । तत्पश्चात राजाजीपुरम में भारतीय जन सेवा समिति द्वारा बैठक आयोजित हुई समिति के अध्यक्ष शैलेश बाजपेई शैलू ने लोगों से अंजनी कुमार श्रीवास्तव के पक्ष में मतदान करने को कहा। इसी क्रम में भारतीय जीवन बीमा निगम व पोस्ट ऑफिस में अधिकारियों व कर्मचारियों से मुलाकात की। शाम 4.00 बजे कश्मीरी मोहल्ला रुस्तम नगर कॉलोनी में पश्चिम विधानसभा महिला मोर्चा प्रभारी अर्चना साहू के साथ सघन जनसंपर्क किया।



चुनाव संचालन मीडिया प्रभारी ऋषि शर्मा ने बताया अंजनी कुमार श्रीवास्तव को काडर कार्यकर्ता होने के कारण जनता सहित क्षेत्रीय नेताओं और कार्यकर्ताओं का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। साथ-साथ महिलाओं युवाओं और वरिष्ठ कर्ताओं की छोटी- छोटी टोलियां भी संपर्क कर रही है ।जनसंपर्क में मुख्य रूप से क्षेत्रीय संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ पुरुषोत्तम पुरी, नगर मंत्री अशोक श्रीवास्तव,मंडल अध्यक्ष अजय सोनी, अरविंद मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, महेंद्र राजपूत वरिष्ठ कार्यकर्ता अतुल दीक्षित , गज्जी निगम,यूएन पांडे, एसपी तिवारी बाबा,मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा नीरजा चतुर्वेदी, आराधना साहू, राजवीर सिंह,अभय उपाध्याय,विजय कनौजिया , अभय उपाध्याय, आशीष शर्मा व अन्य सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 20 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरदोई में कर सकते हैं चुनावी सभा

संवाददाता

हरदोई। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने प्रदेश नेतृत्व को विधानसभा प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओ की भारी मांग पर चुनाव में पार्टी के प्रचार को स्टार प्रचारकों की सूची भेजी है। चुनावी नैया पार कराने के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों की मांग बढ़ी है। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक ने बताया सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य डॉक्टर दिनेश शर्मा आदि नेताओं की मांग की गई है। चुनाव संचालन समिति जिला प्रभारी प्रकाश पाल ने क्षेत्रवार नाम तय किए है। प्रदेश से किन किन स्टार प्रचारकों का कार्यक्रम जिले को मिलेगा, यह तय होना अभी बाकी है। विधानसभा सवायजपुर में रक्षामंत्री रुराजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, सांसद राजवीर सिंह, गठबंधन दल निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद। शहाबाद विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, सांसद राजवीर सिंह राजू भैया, केंद्रीय मंत्री सांसद कौशल किशोर और उन्नाव सांसद साक्षी महाराज सदर विधानसभा,हरदोई से प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी गोपामऊ विधानसभा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश सरकार मंत्री अनिल राजभर, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पूर्व सांसद जगदंबिका पाल, मंत्री प्रदेश सरकार ब्रजेश पाठक सांडी विधानसभा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ब्रजेश पाठक बिलग्राम मल्लावा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, अपना दल अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, उन्नाव सांसद साक्षी महाराज बालामऊ से प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार महेंद्र सिंह और निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद संडीला विधानसभा से केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और ब्रजेश पाठक मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की सभा का प्रस्ताव है।

## गरीब नवाज के उर्स के मौके पर लग्गर ए आम

कानपुर, हिंद के वाली ख्वाजा गरीब नवाज का उर्स पूरी दुनिया बड़े ही अदब एहतमाम के साथ मनाती है इसी संदर्भ में हाजी जिया नेतृत्व में कल बाजार में आईना कलेक्शन एवं मिनहाज फुटवियर के तत्वधान में कुल शरीफ होने के बाद लग्गकर ए आम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई के छोटे भाई परिमल भाजपाई उपस्थित हुए लोगों को लंगर वितरण किया। इस अवसर पर हजारों अकीदत मन्दो ने लंगर का लुफ्त लिया कार्यक्रम में रईस मलिक बाकऊ, पूर्व चेयरमैन पार्षद भोलू कुरुक्षेत्र रोज बॉबी इमरान अहमद जुबेर शमसुद्दीन चाचा, इत्यादि लोग मौजूद रहे।



# न्यूजीलैंड से एकमात्र टी20 मैच हारी भारतीय महिला टीम



क्वींसटाउन । अपने बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण भारतीय महिला टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को एकमात्र टी20 क्रिकेट मैच में 18 रन से पराजय का सामना करना पड़ा।

सीनियर सलामी बल्लेबाज और उपकप्तान स्मृति मंधाना की कमी टीम को खली जो यह मैच नहीं खेली थी। जीत के लिये 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 18 रन पीछे रह गई।

मंधाना की जगह पारी की शुरूआत करने वाली यस्तिका भाटिया ने 26 गेंद में 26 रन बनाये लेकिन न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने जल्दी ही दबाव बना लिया। भाटिया और शेफाली वर्मा ने पहले विकेट के लिये 4.1 ओवर में 41 रन जोड़े जो भारत के लिये सबसे बड़ी साझेदारी थी।

शेफाली ने 14 गेंद में 13 रन ही बनाये। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर भी फॉर्म में नहीं थी जो 13 गेंद में 12 रन ही बना सकी।

भारत के लिये सर्वाधिक रन अनुभवहीन एस मेघना ने बनाये। उन्होंने 30 गेंद में छह चौकों की मदद से 37 रन की पारी खेली और रिचा घोष (12) के साथ चौथे विकेट के लिये 34 रन जोड़े।

मेघना के आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाजी ढह गई और 20 ओवर में टीम आठ विकेट पर 137 रन ही बना सकी।

मेघना का विकेट गिरने के समय भारत को 5.1 ओवर में 55 रन बनाने थे जो निचले क्रम के लिये काफी कठिन काम था।


न्यूजीलैंड के लिये जेस केर, एमेलिया केर और केली जेनसेन ने दो दो विकेट लिये।

इससे पहले अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्राकर ने दो दो विकेट लेकर न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 155 रन पर रोक दिया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था।

वस्त्राकर ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 16 रन ही दिये जबकि शर्मा ने अपनी आफ स्पिन गेंदबाजी से 26 रन दिये। सीनियर स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ महंगी साबित हुई जिन्होंने चार ओवर में 39 रन देकर एक विकेट लिया।

न्यूजीलैंड के लिये कप्तान सोफी डेवाइन ने 23 गेंद में 31 और सूजी बेट्स ने 34 गेंद में 36 रन बनाये। दोनों ने पहले विकेट के लिये 60 रन जोड़े।

# वॉलीबॉल लीगः बेंगलुरु टॉरपीडो ने कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स को दी शिकस्त



हैदराबाद । अंतिम तीन सेट में लगातार जीत दर्ज करते हुए बेंगलुरु टॉरपीडो ने मंगलवार रात यहां जीएमसी गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेले गए पावर्ड बाय ए 23 रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के पहले सीजन के चौथे और रोमांचक मैच में कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स को को 3-2 (14-15, 12-15, 15-13, 15-9, 15-14) से हरा दिया। कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स की दो मैचों में यह लगातार दूसरी हार है। बेंगलुरु के रंजीत सिंह को प्लेयर आफ मैच के लिए चुना गया।

बेंगलुरु टॉरपीडो ने मुकाबले में क्रेड सुपर प्वाइंट के दम पर टेक्निकल टाइम आउट तक 9-5 की बढ़त बना ली। कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने हालांकि सेथु के दम पर सुपर सर्व के साथ जोरदार वापसी की और लगातार 8 प्वाइंट लेकर 15-14 से पहले सेट में विजयी शुरुआत की। दूसरे सेट में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। कोच्चि ने यहां भी पीछे रहने के बाद वापसी की और लगातार दो क्रेड सुपर प्वाइंट के साथ 15-12 से लगातार दूसरा सेट भी जीत लिया।

तीसरे सेट में दोनों टीमें एक समय 9-9 से बराबरी पर थी। बेंगलुरु ने फिर बेहतरीन स्पाइक की मदद से लीड लेते हुए 15-13 के स्कोर से अपना पहला सेट अपने नाम कर लिया। हालांकि स्कोर अभी भी 2-1 से कोच्चि के पक्ष में था। बेंगलुरु चौथे सेट में भी टेक्निकल टाइम आउट तक दो अंकों से आगे थी। टीम ने इसके बाद पांच अंकों की बढ़त हासिल कर ली और 15-9 चौथा सेट जीतकर मुकाबले में 2-2 की बराबरी हासिल कर ली।

कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने पांचवें और निर्णायक सेट में अच्छी शुरुआत करते हुए टेक्निकल टाइम आउट तक दो प्वाइंट की लीड बना ली। हालांकि बेंगलुरु ने क्रेड सुपर प्वाइंट लेकर सेट को 13-13 से बराबरी पर ला दिया और इसके बाद दोनों टीमों ने खुद को 14-14 से मैच प्वाइंट तक पहुंचा दिया।

## मंधाना अभी भी आईसोलेशन में, न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 मैच से रहीं बाहर

क्वीन्सटाउन। भारतीय बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने बुधवार को कहा कि स्मृति मंधाना अभी भी न्यूजीलैंड सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आईसोलेशन में हैं और यही कारण है कि वह न्यूजीलैंड महिला टीम के खिलाफ एकमात्र टी20 मैच से बाहर रहीं। भाटिया ने यह भी पुष्टि की कि मेघना



सिंह और रेणुका सिंह भी प्रबंधित अलगाव में हैं। फिलहाल ये कहना मुश्किल है कि ये तीनों शनिवार को होने वाली पांच मैचों की सीरीज के पहले वनडे के लिए चयन के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं।

यास्तिका ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, स्मृति मंधाना, मेघना सिंह और रेणुका सिंह न्यूजीलैंड सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार अनिवार्य एमआईक्यू (प्रबंधित अलगाव और संगरोध) में हैं। फिलहाल हम यही कह सकते हैं।

टी-20 मैच की बात करें तो इस मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 18 रन से हराया।

# आईएसएलः रोमांचक मुकाबले में बगान ने हैदराबाद को दी शिकस्त

गोवा। हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 की दो बेहतरीन टीमों के बीच रोमांच से भरपूर आक्रामक मुकाबले में एटीके मोहन बगान ने बाजी मार ली। महरून एंड ग्रीन ब्रिगेड ने मंगलवार रात बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले लीग मुकाबले में लीग लीडर हैदराबाद एफसी को 2-1 से हरा दिया। बगान के विंगर लिस्टन कोलासो को दाहिने फ्लैंक पर प्रभावी खेल दिखाने और एक गोल करने के लिए हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया।




छठी जीत से बगान ने दो स्थान की छलांग लगाते हुए शीर्ष चार टीमों के बीच जगह बना ली है। कोच जुआन फेर्रांडो की महरून एंड ग्रीन ब्रिगेड 13 मैचों से 23 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान आ गई है। उसने छह मैच जीते हैं और पांच ड्रा खेले हैं। वहीं, तीसरी हार से लीग लीडर हैदराबाद की स्थिति में कोई फर्क नहीं पड़ा है। कोच मैनोलो मार्क्यूएज की टीम 15 मैचों में सात जीत और पांच ड्रा से 26 अंक लेकर तालिका में टॉप पर बनी हुई है।

मैच का पहला गोल 56वें मिनट में आया, जब लिस्टन कोलासो ने मोहन बगान को 1-0 से आगे कर दिया। एक काउटर अटैंक में ऑस्ट्रेलियाई फॉरवर्ड डेविड विलियम्स ने अपने हाफ से लिस्टन को लम्बा थ्रू-पास खिलाया। बगान का विंगर तेजी से गेंद लेकर दौड़ लगाने के बाद डी-बॉक्स पर घुस गया और फिर उन्होंने गोलकीपर कट्टीमणि के साथ वन-टू-वन की स्थिति में राइट फुटर शॉट लगाकर गेंद को गोलपोस्ट के अंदर भेज दिया। 59वें मिनट में मनवीर सिंह ने गोल करके बगान की बढ़त 2-0 कर दी। एक हमले में स्थानापन्न मिडफील्डर जॉनी काउको ने डी-बॉक्स के अंदर थ्र-पास डाला, जो मनवीर के पास पहुंचा।

## वेस्टइंडीज दौरे के लिये एंडरसन, ब्रॉड की इंग्लैंड टीम से छुट्टी

लंदन। टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के लिये सर्वाधिक विकेट लेने वाले जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को अगले महीने वेस्टइंडीज दौरे के लिये टीम में शामिल नहीं किया गया है।

दोनों गेंदबाजों को यह भी आश्वासन नहीं मिला है कि उनका टेस्ट कैरियर बचा है।



एशेज श्रृंखला में आस्ट्रेलिया के हाथों 4.0 से हार के बाद इंग्लैंड टीम आमूलचूल बदलाव की प्रक्रिया में है। मुख्य कोच, सहायक कोच और क्रिकेट निदेशक के अलावा आठ खिलाड़ियों को हटा दिया गया है।

ब्रॉड और एंडरसन के अलावा उपकप्तान जोस बटलर, डेविड मलान, सैम बिलिंग्स, डोम बेस, रोरी बर्न्स और हसीब हमीद को भी टीम में जगह नहीं मिली है।

पूर्व टेस्ट कप्तान और एशले जाइल्स के जाने के बाद अंतरिम क्रिकेट निदेशक बने एंड्रयू स्ट्रॉस ने कहा, ''नये सत्र की शुरूआत के साथ चयन समिति ने नये सिरे से टेस्ट टीम चुनी है।''

उन्होंने 39 वर्ष के एंडरसन और 35 वर्ष के ब्रॉड के बारे में कहा, ''मैं कहना चाहता हूं कि उनके लियेदरवाजे बंद नहीं हुए हैं। हमारा मानना है कि नये गेंदबाजों को मौका दिये जाने की जरूरत है। ब्रॉड और स्टुअर्ट के अनुभव का इस्तेमाल कैसे करना है, वह नये प्रबंध निदेशक और मुख्य कोच पर निर्भर होगा।'

# पीकेएल-8 : थलाइवाज को हराकर अंक तालिका में नंबर-2 पर पहुंचे स्टीलर्स

बेंगलुरु । हरियाणा स्टीलर्स ने लगातार तीसरी जीत के साथ शेराटन ग्रैंड, व्हाइटफील्ड होटल एवं कन्वेंशन सेंटर में जारी वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन की अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। हरियाणा ने आशीष (16 अंक) के आलराउंड प्रदर्शन के बूते सीजन के 102वें मैच में मंगलवार को तमिल थलाइवाज को 37-29 से हरा दिया।

18 मैचों में 58 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हरियाणा के लिए तीन सुपर रेड लगाने वाले आशीष के अलावा कप्तान विकाश कंडोला ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आठ अंक लिए। थलाइवाज के लिए मंजीत ने 10 अंक जुटाए जबकि अजिंक्य पवार ने 8 तथा डिफेंस में सुरजीत ने चार अंक लिए लेकिन वे अपनी टीम को सीजन की छठी हार से नहीं बचे सके।

पहले हाफ की समाप्ति तक स्कोर 15-12 से हरियाणा के पक्ष में था। सातवें मिनट में थलाइवाज को आलआउट कर हरियाणा ने 10-2 की लीड बनाई थी लेकिन थलाइवाज ने अपने स्टार रेडर



मंजीत, अजिंक्य पवार और इस सीजन के सबसे सफल डिफेंडर सागर की बदौलत जोरदार वापसी कर पहले स्कोर 5-11 और फिर 9-13 कर दिया।

इस बीच हरियाणा का डिफेंस भी गलतियां कर रहा था और इसी का फायदा लेकर थलाइवाज ने फासला तीन का कर दिया। रेड में दोनों टीमों ने 9-9 अंक कमाए लेकिन डिफेंस में हरियाणा (4) का पलड़ा एक अंक से भारी रहा। साथ ही हरियाणा को दो अंक ऑलआउट के भी मिले।

ब्रेक के बाद आशीष ने पहले डिफेंस और फिर रेड में लगातार दो अंक लेकर हरियाणा की लीड 6 की कर दी। थलाइवाज ने हालांकि लगातार चार अंकों के साथ फासला दो का कर दिया। आशीष ने एक बार फिर कमाल किया और सुपर रेड के साथ थलाइवाज की वापसी के प्रयास पर पानी फेर दिया।

## कुश्ती के राष्ट्रीय चयन ट्रायल 14 फरवरी से, जूडो 15 फरवरी से

नयी दिल्ली । भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) कुश्ती और जूडो के राष्ट्रीय चयन ट्रायल का आयोजन 14 और 15 फरवरी से देश भर में अपने राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में करेगा।

कुश्ती के ट्रायल साइ के सोनीपत, लखनऊ और मुंबई केंद्र पर होंगे जबकि जूडो ट्रायल इम्फाल और भोपाल में होंगे।

सोनीपत में पुरूषों की फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन वर्ग के ट्रायल 14 से 16 फरवरी तक होंगे जबकि महिलाओं के चयन ट्रायल 16 और 17 फरवरी को लखनऊ में होंगे।

साइ ने बताया कि मुंबई में 16 से 18 फरवरी तक पुरूषों और महिलाओं के फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन ट्रायल होंगे।

जूडो के ट्रायल 15 से 17 फरवरी को इम्फाल में और 18 से 22 फरवरी को भोपाल में होंगे।

कुश्ती में ट्रायल 13 से 17 वर्ष ( अपवाद मामलों में 18 वर्ष ) के लिये होंगे।

जूडो में सब जूनियर लड़के और लड़कियों के वर्ग में 12 से 15 वर्ष के बीच, कैडेट वर्ग में 15 से 18 वर्ष के बीच और जूनियर लड़के लड़कियों के वर्ग में 18 से 21 वर्ष के बीच ट्रायल होंगे।

## आईओसी प्रमुख बाक ने दोहराया, पेंग शुआई से संपर्क बनाये रखेंगे

बीजिंग अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अध्यक्ष थॉमस बाक ने बुधवार को दोहराया कि आईओसी चीन की टेनिस खिलाड़ी पेंग शुआई से संपर्क बनाये रखेगी।

साथ ही उन्होंने गर्मियों में लुसाने में पेंग से मिलने की उम्मीद जतायी।

चीन के बाहर के कुछ ही लोगों ने पेंग से बात की है और बाक उनमें से एक हैं जो पेंग से शीतकालीन खेलों की स्पर्धाओं के दौरान मिले थे।

बाक ने कहा कि वह फिर से पेंग से लुसाने में आईओसी मुख्यालय में मिलने की उम्मीद लगाये हैं।

पेंग से मिलने के बाद बाक ने कहा कि था कि वह खेलों का आनंद ले रही थीं।

बाक ने कहा, ''हम उनकी चिंता कर रहे हैं और हम इसी तरह उनकी देखभाल करना जारी रखेंगे। ''

फ्रांस के 'ल एक्विप' खेल अखबार ने पेंग का साक्षात्कार लिया था जिसमें इस खिलाड़ी ने सभी चिंताओं को खारिज किया था।

हालांकि पेंग ने नवंबर में सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये चीन के पूर्व उप प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलितब्यूरो की स्थायी समिति के सदस्य झांग गाओली पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था लेकिन इस साक्षात्कार में इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने गोल मोल जवाब दिया था।

## सीएसए ने की बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए तारीखों और स्थानों की घोषणा

जोहान्सबर्ग। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बुधवार को बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए तारीखों और स्थानों की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच 18 मार्च से 12 अप्रैल, 2022 तक चार स्थानों पर तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट मैच होंगे।

सीएसए ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, ÷सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन दो वनडे मैचों की मेजबानी करेगा,जबकि तीसरा वनडे वांडरर्स, जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा, जबकि तटीय शहर डरबन और गकेबेरा में टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

# लैंगर को अपने रवैये के लिये माफी मांगने की जरूरत नहीं थी : कमिंस

ब्रिसबेन। आस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि जस्टिन लैंगर आस्ट्रेलिया से बेहद प्रेम करने वाले लीजैंड है और मुख्य कोच के पद से उनकी विदाई का कारण कोचिंग की कड़ी शैली नहीं थी।



इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलिया के कप्तान बने कमिंस की पूर्व खिलाड़ियों ने लैंगर का समर्थन नहीं करने के लिये काफी आलोचना की है।

कमिंस ने एक बयान में कहा, ''जो फैसला क्रिकेट आस्ट्रेलिया द्वारा अभी लिया नहीं गया था , उस पर बोलने से क्रिकेट आस्ट्रेलिया और टीम की स्थिति खराब हो जाती। मैं ऐसा कभी नहीं करता। मेरा मानना है कि ड्रेसिंग रूम की पवित्रता बनी रहनी चाहिये।''

लैंगर ने शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। बाद में उन्होंने एक बयान में अपनी शैली के कारण खिलाड़ियों को हुई किसी तरह की समस्या के लिये माफी भी मांगी।

कमिंस ने कहा, ''जस्टिन ने स्वीकार किया कि उनकी शैली कड़ी थी और वह थी। उन्होंने खिलाड़ियों और स्टाफ से मांगी भी मांगी। मेरा मानना है कि माफी मांगने की जरूरत नहीं थी।''

उन्होंने कहा, ''उनकी शैली में कोई दिक्कत नहीं थी क्योंकि उन्हें आस्ट्रेलिया और बैगी ग्रीन से बहुत प्यार है। वह आस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लीजैंड हैं और उन्होंने टीम के लिये ऊंचे मानदंड कायम किये थे।''

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान की 16 सदस्यीय टेस्ट टीम की घोषणा

लाहौर। सलामी बल्लेबाज शान मसूद और तेज गेंदबाज हारिस रउफ को चार मार्च से रावलपिंडी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट के लिए पाकिस्तान की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। वहीं, ऑफ स्पिनर बिलाल आसिफ की जगह लेंगे।



आबिद अली की जगह लेने वाले मसूद ने आखिरी बार जनवरी 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट खेला था। पाकिस्तान ने 16 सदस्यीय टीम के अलावा यासिर शाह, सरफराज अहमद, मोहम्मद अब्बास, नसीम शाह और कामरान गुलाम में रिजर्व खिलाड़ियों के रूप में नामित किया है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बयान के अनुसार, जो खिलाड़ी मौजूदा पाकिस्तान सुपर लीग में शामिल नहीं हैं, वे 16 फरवरी को कराची में नेशनल स्टेडियम में एक प्रशिक्षण कैंप में भाग लेंगे। रावलपिंडी में पहले टेस्ट के बाद, कराची (12-16 मार्च) और लाहौर (21-25 मार्च) क्रमशः दूसरे और तीसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। उन्होंने कहा, हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महत्वपूर्ण घरेलू श्रृंखला के लिए निरंतरता का विकल्प चुना है और परिवर्तन केवल वहीं किए गए हैं जहां बिल्कुल आवश्यक है। इन खिलाड़ियों को आत्मविश्वास देना है, उन्हें 2022 में भविष्य के लिए लंबे सीजन में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत करना और निर्माण जारी रखना जरूरी है।

## मुंबई सिटी के कप्तान मोर्तादा फॉल ने एक साल का अनुबंध बढ़ाया

मुंबई। इंडियन सुपर लीग की मौजूदा चैम्पियन मुंबई सिटी एफसी ने बुधवार को घोषणा की कि कप्तान मोर्तादा फॉल ने एक साल का अनुबंध बढ़ाने पर हस्ताक्षर किये हैं जिससे वह 2022-23 सत्र के अंत तक क्लब से जुड़े रहेंगे।

मोर्तादा (34) 2020 में एफसी गोवा से जुड़े थे। उन्होंने मुंबई सिटी के लिये पिछले सत्र में आईएसएल लीग विनर्स शील्ड और आईएसएल ट्राफी दिलाने में अहम भूमिका अदा की थी।

उन्होंने मीडिया बयान में कहा, ''मैं मुंबई सिटी परिवार के साथ करार बढ़ाकर खुश हूं। पिछला साल हमारे लिये काफी सफल रहा था और हम इस सत्र को भी यादगार बनाने की उम्मीद लगाये हैं। ''

# आईपीएल मेगा नीलामी में हमें योजना के साथ जाने की जरूरतः सबा करीम

श्रेयस मनोरम

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ओर से दिल्ली कैपिटल्स के प्रतिभा खोज प्रमुख सबा करीम ने बुधवार को कहा कि 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में होने वाली आईपीएल मेगा नीलामी में प्लेइंग इलेवन की संरचना पर पूरी तरह से स्पष्टता के साथ जाना अनिवार्य है।

आगामी मेगा नीलामी के बारे में अपनी बात साझा करते हुए पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहा, हमें पहले मूल तत्व के संदर्भ में एक रणनीति बनाने की आवश्यकता है, जो एक सफल टीम बनने के लिए आवश्यक है। लेकिन, इससे पहले अपनी प्लेइंग इलेवन की रचना को समझना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

जेएसडब्ल्यू और जीएमआर के सह-स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2022 की नीलामी के लिए तैयार हैं। उन्होंने



ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, पृथ्वी शॉ और एनरिक नॉर्टजे में चार खिलाड़ियों को बरकरार रखा है और सबा करीम ने कहा कि वे हमारी टीम का आधार बनाएंगे।

सबा करीम ने कहा, चार रिटेन किए गए खिलाड़ी हमारी टीम का आधार बनाएंगे और इसके अलावा, हमें कुछ और मैच-विजेताओं को देखने की जरूरत है, जो खाली स्लॉट को भर सकते हैं और फिर कुल मिलाकर हमारे पास एक मजबूत टीम हो सकती है।

आईपीएल 2022 के लिए टीम के पुनर्निर्माण के अपने दृष्टिकोण पर करीम ने कहा, मुझे लगता है कि हमें बेहद स्पष्ट होने की जरूरत है। उस मुख्य कारक को शामिल करने से न केवल दिल्ली की टीम को बल्कि अन्य टीमों को भी मदद मिलेगी, क्योंकि आपको ग्यारह में सात घरेलू खिलाड़ी चाहिए।

सबा करीम ने बताया, तो, आपको कैप्ड और अनकैप्ड खिलाड़ियों के बीच सही तरह का मिश्रण होना चाहिए और उसके ऊपर आपके पास वे चार विदेशी खिलाड़ी भी हैं। मुझे लगता है कि यह एक समान खेल का मैदान है। सभी टीमें सही जगह लेने के लिए संघर्ष करेंगी। घरेलू प्रतिभा की तरह और यह सब घरेलू क्रिकेटरों के लिए एक बहुत ही स्वस्थ माहौल पैदा करेगा।

मुख्य कोच ऑस्ट्रेलियाई महान रिकी पोंटिंग और कप्तान पंत की नीलामी प्रक्रिया में शामिल होने पर सबा करीम ने कहा, आखिरकार यह कप्तान और कोच हैं जिन्होंने आईपीएल में अपना पक्ष रखा है। उस तरह का आदान-प्रदान करना बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि हम एक स्काउटिंग टीम के रूप में जो कुछ भी पेश करते हैं, वह काम आएगा और बेहद प्रभावी हो जाएगा।

उन्होंने कहा, जिस तरह के रिकी और ऋषभ के साथ हमारे संबंध हैं, मुझे लगता है कि जब आप एक टीम बनाने की कोशिश कर रहे होते हैं तो यह बहुत अनुकूल माहौल होता है।

सबा करीम ने यह भी कहा कि चूंकि वह अपनी पहली आईपीएल